**खबर संक्षेप**

### जिला बदर आरोपी गुड्डू अकरम गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के धनपुरी थाना से वर्ष 2025 में आरोपी गुड्डु अकरम उर्फ राशिद पिता मौ. सदरे आलम उर्फ अल्लू उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 16 कच्छी मोहल्ला के विरूद्ध आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाये जाने के संबंध में आरोपी के विरूद्ध म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 5,6 एवं 7 के तहत जिला दण्डाधिकारी में इस्तगासा पेश किया गया था। जिस पर माननीय जिला दण्डाधिकारी द्वारा उक्त आरोपी को 29 अप्रैल को शहडोल जिला तथा जिले से लगे उमरिया, अनूपपुर, सीधी, मैहर से 06 माह की अवधि के लिये निष्काषित किये जाने का आदेश जारी किया गया था। जो उक्त आदेश आरोपी को 04 मई को तामील किया जाकर शहडोल जिला तथा शहडोल की सीमावर्ती जिलो से निष्काषित कर दिया गया था। 05 अगस्त को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि उक्त जिला बदर का आरोपी गुड्डा अकरम उर्फ राशिद जामा मस्जिद कच्छी मोहल्ला धनपुरी में खड़ा है सूचना पर तत्काल धनपुरी पुलिस द्वारा कच्छी मोहल्ला, जामा मस्जिद के पास जाकर घेराबन्दी कर आरोपी गुड्डू अकरम उर्फ राशिद को पकड़ा गया जो आरोपी शासन के आदेश की आव्हेलना कर कस्बा धनपुरी में पाये जाने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना धनपुरी में अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं गिरफ्तार शुदा आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया जो माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

उक्त कार्यवाही में एसडीओपी विकाश पाण्डेय के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी धनपुरी खेम सिंह पेन्द्रो के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक दिनेश सिंह, राकेश सिंह, आरक्षक गुलाब सिंह की भूमिका रही है।

### ब्रेक फेल ट्रक की मालगाड़ी से टक्कर, बड़ा हादसा टला



**उमरिया।** जिले के जनपद पंचायत बिरसिंहपुर पाली मुख्यालय में बुधवार सुबह एक बड़ी दुर्घटना उस समय टल गई जब एक तेज रफ्तार ट्रक के ब्रेक अचानक फेल हो गए। ट्रक अनियंत्रित होकर सीधे रेलवे स्टेशन में घुस गया और ट्रैक से गुजर रही एक मालगाड़ी से जा टकराया। सौभाग्य से इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना सुबह उस समय हुई जब एमपी 54 1178 नंबर का ट्रक कटनी से बुढ़ार की ओर जा रहा था। पाली में मेन रोड के पास नगर का बस स्टैंड और समीप ही रेलवे स्टेशन होने के कारण इलाका अत्यंत भीड़-भाड़ वाला है। ट्रक जैसे ही इस इलाके में पहुंचा, उसके ब्रेक फेल हो गए। चालक नौशाद अहमद निवासी धनपुरी, ने समय रहते सतर्कता दिखाते हुए सडक़ पर चल रहे राहगीरों को बचाने के लिए ट्रक को रेलवे स्टेशन की ओर मोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इसी दौरान रेलवे ट्रैक से एक मालगाड़ी गुजर रही थी और ट्रक उसी से टकरा गया। रेलवे ट्रैक और मालगाड़ी को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ, हालांकि ट्रक का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया। इस टक्कर के बाद कुछ देर के लिए रेल यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में पुनः चालू कर दिया गया। रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और मामले की जांच जारी है। वहीं, ट्रक चालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### ईव्हीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

शहडोल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर स्थिति ईव्हीएम वेयर हाउस का राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग सहित अन्य राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि विष्णुप्रताप सिंह, रवीन्द्र वर्मा, राकेश कन्नौजिआ, अरफाना सेख, रामनाथ यादव, राजेश चौधरी, राकेश वर्मा, निर्वाचन पर्यवेक्षक संजय खरे, जीके पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

### जांच और सेवा समाप्ति की मांग

# फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र पर शिक्षक की नौकरी

**शहडोल। शासकीय हाईस्कूल सेमरा में पदस्थ गणित विषय के माध्यमिक शिक्षक सौरभ कुमार पर फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र और झूठे शपथ पत्र के आधार पर नौकरी प्राप्त करने का गंभीर आरोप सामने आया है। मामले में प्रमाण सहित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपी शिक्षक की सेवा समाप्त करने और अपराध पंजीबद्ध कराने की मांग संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग, शहडोल से की गई है।जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें शासकीय हाईस्कूल सेमरा, विकासखण्ड बुढ़ार में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक सौरभ कुमार पर फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र और झूठा शपथ पत्रप्रस्तुत कर शासकीय नौकरी प्राप्त करने का आरोप लगाया गया है।**

इस मामले की शिकायत मोहम्मद शहाबुद्दीन मन्सूरी निवासी धनपुरी ने संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग को साक्ष्य सहित प्रस्तुत की है। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि सौरभ कुमार पिता रामप्रकाश शर्मा मूल निवासी ग्राम डिडोखर, पंचायत उत्तमपुरा, तहसील जौरा जिला मुरैना ने हस्तलिखित फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाकर, शासकीय नौकरी प्राप्त की है। उन्होंने स्वयं को दाएं हाथ की मध्य उंगली कटे होने के आधार पर 40 प्रतिशत दिव्यांग घोषित करवाया, जबकि चिकित्सकीय मानकों के अनुसार यह प्रतिशत मान्य नहीं माना जा सकता।

#### सीएम हेल्पलाइन में खुद की शिकायत

शिकायत में एक रोचक और गंभीर तथ्य यह भी सामने आया है कि सौरभ कुमार ने स्वयं ही राहुल तिवारी नाम से सीएम हेल्पलाइन में शिकायत क्रमांक 14356903 दिनांक 09 जून 2021 को दर्ज करवाई थी, जिसमें उन्होंने अपने ही दिव्यांग प्रमाण पत्र की वैधता पर प्रश्न उठाए थे। बाद में शिकायत के निराकरण में सिविल सर्जन ए.के. गुप्ता ने 14 जून 2021 को स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि सौरभ कुमार विकलांग प्रमाण पत्र प्राप्त करने योग्य नहीं है और शिकायत को स्पेशल क्लोज कर दिया गया। इतना स्पष्ट निष्कर्ष मिलने के बावजूद, यह प्रमाण पत्र कैसे जारी हुआ और उसका उपयोग नौकरी प्राप्ति में कैसे किया गया, यह एक बड़ा प्रश्नचिह्न है।




#### दस्तावेजी साक्ष्य भी संलग्न

मीडिया में 09 अप्रैल को भी समस्त दस्तावेज संलग्न किया गया है, जिसमें मुरैना जिले में फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र बनवाकर सरकारी नौकरियों में भर्ती होने की बात प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, ऐसे कई मामलों में शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की संलिप्तता की जांच चल रही है, जिनमें सौरभ कुमार का नाम भी शामिल बताया गया है। शिकायत में सौरभ कुमार की समग्र आईडी, आधार नंबर, पैन नंबर और मोबाइल नंबर के साथ-साथ शासकीय सेवा से जुड़े सभी विवरण जैसे डीआईएस कोड, संकुल केंद्र, ट्रेजरी कोड आदि भी स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किए गए हैं।

#### झूठ पकड़े जाने पर सेवा समाप्ति

सौरभ कुमार द्वारा नियुक्ति के समय भारतीय गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर 05 जनवरी 2022 को जो शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है, उसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि यदि कोई दस्तावेज असत्य पाया जाता है, तो मेरी सेवा समाप्त की जा सकती है और मुझ पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज हो सकता है। शिकायतकर्ता ने इस शपथ पत्र की प्रति भी अभिलेखों के रूप में संलग्न की है। सभी दस्तावेजों को शासकीय हाईस्कूल सेमरा के प्राचार्य द्वारा सील और हस्ताक्षर सहित प्रमाणित किया गया है, जो शिकायत की गंभीरता और वैधता को और अधिक बल देता है।

#### अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग

शिकायतकर्ता ने संभागीय उपायुक्त से मांग की है कि सौरभ कुमार द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर शासकीय सेवा प्राप्त करने के इस गंभीर मामले में तत्काल विभागीय जांच कराई जाए और अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए उनकी सेवा समाप्त की जाए। साथ ही उनके विरुद्ध पुलिस में अपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जाए, ताकि भविष्य में कोई और व्यक्ति इस तरह शासकीय सेवा में प्रवेश पाने का दुस्साहस न कर सके।

#### लोकायुक्त व ईओडब्ल्यू में जाने की चेतावनी

शिकायतकर्ता ने स्पष्ट किया है कि यदि संभागीय कार्यालय द्वारा समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वह मामले को लोकायुक्त, आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा एवं राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाएंगे। यह मामला शिक्षा विभाग में फर्जीवाड़े की पोल खोलने वाला एक गंभीर उदाहरण बन सकता है, यदि इसे समय रहते गंभीरता से लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। फर्जी दस्तावेजों के बल पर सरकारी पदों पर बैठने वाले लोगों के कारण न केवल योग्य उम्मीदवारों के अधिकार छिनते हैं, बल्कि यह प्रशासन की साख पर भी गहरा असर डालता है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस शिकायत को किस स्तर की प्राथमिकता देता है और क्या दोषी शिक्षक को उसके पद से हटाकर विधिसम्मत कार्रवाई की जाती है या यह मामला भी कई अन्य शिकायतों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## व्यापारी से बंदूक की नोक पर लूट बदमाशों ने किए पांच हवाई फायर



**शहडोल।** जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार रात खनौधी बाजार से लौट रहे एक सर्राफा व्यापारी को चार अज्ञात बदमाशों ने बंदूक की नोक पर लूट लिया। लूट के दौरान बदमाशों ने पांच राउंड हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाई और मौके से फरार हो गए। ग्राम रतहर निवासी व्यापारी अनिल कुमार सोनी अपने पुत्र अमन के साथ खनौधी बाजार से गिलिट और चांदी के सामान की बिक्री कर बाइक से घर लौट रहे थे। रात करीब 8 बजे जैसे ही वे मलदा गांव स्थित क्रेशर के पास पहुंचे, तो पीछे से एक बिना नंबर की पल्सर बाइक पर सवार चार बदमाशों ने उनकी बाइक रोक ली। हथियार लहराते हुए बदमाशों ने व्यापारी को घेरकर करीब 9 हजार रुपए नकद और बैग छीनने की कोशिश की। हालांकि व्यापारी के पुत्र अमन ने साहस दिखाते हुए बैग को वापस खींच लिया, लेकिन इस प्रयास में उसे हाथ में चोट भी आई। वारदात के दौरान जब कुछ वाहन वहां से गुजरने लगे, तो बदमाशों ने डराने के लिए बंदूक से पांच राउंड हवाई फायरिंग की, जिससे राहगीर रुकने की बजाय आगे बढ़ गए।

#### पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही गोहपारू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से गोली के पांच खोखे बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि मामला गंभीर है और पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर लिया गया है। बदमाशों की तलाश के लिए टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज और संदिग्धों की जानकारी खंगाली जा रही है। अनिल कुमार सोनी का कहना है कि बदमाशों को संभवतः शक था कि वह सोना-चांदी से भरा बैग ले जा रहे हैं, इसलिए उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। सौभाग्य से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन लूट के साथ-साथ बदमाशों की फायरिंग से जनहानि की भी आशंका थी।



## बफर जोन में जंगली सुअर का शिकार, सात आरोपी गिरफ्तार

**उमरिया।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र मानपुर (बफर जोन) में वन्यजीव शिकार की एक गंभीर घटना सामने आई है। विगत 3 अगस्त को ग्राम बसन्तपुर टोला, बीट बल्हौंड़ स्थित एक खेत में जंगली सुअर का शव बरामद किया गया, जिसे तेज धारदार हथियार से मारने की पुष्टि हुई है। घटना की सूचना मुखबिरों से प्राप्त होते ही मानपुर बफर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तत्काल जांच शुरू की। साक्ष्य एवं परिस्थितियों के आधार पर ग्राम बल्हौंड़ एवं टिकुरीटोला में दबिश दी गई, जहां से सात संदिग्धों भगोले कोल पिता सिज्जू कोल उम्र 40 वर्ष, निवासी बल्हौंड़, दरवारीलाल पिता फुदई कोल उम्र 32 वर्ष, श्यामलाल पिता बीरन कोल उम्र 32 वर्ष, दीनू पिता लालू कोल उम्र 30 वर्ष, छोटेलाल पिता श्यामलाल कोल उम्र 32 वर्ष, मिठाईलाल पिता गोविन्द कोल उम्र 50 वर्ष, सुनील पिता सिज्जू कोल उम्र 30 वर्ष उपरोक्त सभी टिकुरीटोला निवासी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान सभी सात आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। वन विभाग ने इनके विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 (संशोधित 2022) की धारा 09, 39, 51 के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण 03 अगस्त को दर्ज किया है। 6 अगस्त 2025 को सभी आरोपियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उन्हें माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मानपुर के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक एवं मानपुर बफर के वन परिक्षेत्राधिकारी ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीवों के अवैध शिकार को लेकर किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी, और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## नकली गुटखा कारोबार का भंडाफोड़




#### पाली में किराना दुकान से भारी मात्रा में नकली पान मसाला जब्त

**उमरिया। जिले के बिरसिंहपुर पाली थाना क्षेत्र में नकली तंबाकू उत्पादों के कारोबार का बड़ा खुलासा हुआ है। राजश्री गुटखा कंपनी के अधिकृत डीलरों और प्रतिनिधियों ने पाली पुलिस की मदद से एनएच-43, वार्ड क्रमांक 5, मुदुलहा टोला स्थित हरीश किराना स्टोर उर्फ हररु की दुकान पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान भारी मात्रा में नकली राजश्री पान मसाला और ब्लैक लेबल 69 प्रतिशत गुटखा के पाउच बरामद किए गए।**

यह कार्रवाई राजश्री कंपनी के अधिकृत डीलर साजन बजाज की सतर्कता से संभव हो पाई। श्री बजाज ने लंबे समय से हरीश किराना स्टोर द्वारा नकली उत्पादों की बिक्री की आशंका जताते हुए कंपनी और प्रशासन को सूचित किया था। शिकायत के आधार पर कंपनी द्वारा एक टीम मौके पर भेजी गई, जिसने स्टोर में रखे पाउचों की जांच की और उन्हें असली उत्पादों से भिन्न पाया।

#### जांच में नकली होने की पुष्टि

राजश्री कंपनी के मैनेजर साजन बजाज ने स्पष्ट रूप से कहा कि दुकान में पाए गए पाउच न तो कंपनी के किसी अधिकृत चैनल से भेजे गए हैं, न ही इनकी कोई रसीद या अधिकृत रिकॉर्ड मौजूद है। इनकी पैकेजिंग देखने में असली जैसी लगती है, लेकिन बारकोड, बैच नंबर और मटेरियल की गुणवत्ता में साफ फर्क देखा गया। ये पूरी तरह से नकली और अवैध उत्पाद हैं।

**पाली पुलिस ने किया माल जब्त**

घटना की सूचना मिलते ही पाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे नकली स्टॉक को जब्त कर लिया। हरीश किराना स्टोर के संचालक हरीश उर्फ हररु को हिरासत में लेकर थाने लाया गया है, जहां पूछताछ जारी है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि यह माल कहां से मंगवाया गया और इस गोरखधंधे में और कौन-कौन शामिल हैं।

जब्त माल की जानकारी

#### राजश्री पान मसाला के सैकड़ों नकली पाउच

ब्लैक लेबल 69 प्रतिशत गुटखा के पाउच एवं अन्य संदिग्ध सामग्री जिसकी जांच चल रही है। स्वास्थ्य और कानून दोनों से खिलवाड़ इस पूरे मामले ने जहां उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को उजागर किया है, वहीं कॉपीराइट उल्लंघन और नकली उत्पादों के उत्पादन एवं बिक्री जैसे गंभीर अपराधों की भी पोल खोल दी है। नकली गुटखा उत्पाद न केवल सेहत के लिए अत्यंत हानिकारक हैं, बल्कि इनकी बिक्री कानूनन दंडनीय अपराध भी है।

#### आगे की कार्रवाई की तैयारी

पाली पुलिस ने जब्त माल को लेकर फॉरेंसिक जांच और विधिवत केस पंजीबद्ध करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि नकली उत्पादों की आपूर्ति का नेटवर्क कितना बड़ा है और इसमें किन-किन व्यापारियों या सप्लायर्स की भूमिका हो सकती है। पाली क्षेत्र में नकली गुटखा उत्पादों के भंडाफोड़ से नकली खाद्य सामग्रियों के बड़े रैकेट की आशंका प्रबल हो गई है। राजश्री कंपनी और पुलिस प्रशासन की सतर्कता से यह मामला सामने आया है। अब देखना यह है कि क्या इस कार्रवाई के बाद नकली उत्पादों की बिक्री पर प्रभावी लगाम लग पाती है या नहीं।

## संगठनात्मक मजबूती पर दिया गया जोर

#### भाजपा मंडल बुढ़ार की कार्यसमिति बैठक संपन्न

**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशन और जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के मार्गदर्शन में भाजपा मंडल बुढ़ार की कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र छोटेलाल सरावगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अर्जुन सोनी ने की तथा संचालन की जिम्मेदारी भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने निभाई, जो इस कार्यक्रम के प्रभारी भी रहे।

#### वरिष्ठ नेतृत्व की गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ एवं ऊर्जावान नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें विशेष रूप से भाजपा नेता एवं मीसा बंदी कामता गौतम, भाजपा जिला मंत्री श्रीमती जूली जैन , नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी, पूर्व जिला महामंत्री राकेश पांडेय एवं श्री दौलत



मनवानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेमचंद मिश्रा, अंत्योदय समिति बुढ़ार अध्यक्ष पुष्पेंद्र ताम्रकार ने अपने विचार रखते हुए पार्टी संगठन की मजबूती, जमीनी कार्यकर्ताओं की भागीदारी और बूथ स्तर तक की सक्रियता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

#### 180 पदाधिकारी रहे उपस्थित

बैठक में कुल 180 पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मंडल पदाधिकारी एवं सदस्य, सभी बूथ अध्यक्ष व महामंत्री, बीएलओ 02, विभिन्न मोर्चा/प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व महामंत्री, समर्पित सरपंच, जनपद सदस्य, नगर परिषद अध्यक्ष, पार्षदगण, मंडल क्षेत्र के वरिष्ठ व सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, बूथ सशक्तिकरण अभियान, आगामी सदस्यता अभियान, जनसंपर्क यात्राओं तथा केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की रणनीति पर भी चर्चा की गई।

#### भविष्य की तैयारी और जनसंपर्क को मिलेगी गति

बैठक का उद्देश्य केवल समीक्षा तक सीमित नहीं था, बल्कि यह भाजपा संगठन की जमीनी मजबूती और आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीतिक तैयारी का भी संकेत देता है। वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और विपक्ष के दुष्प्रचार का सशक्त जवाब देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आए सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने एकजुटता के साथ पार्टी हित में काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

#### सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने दिलाई गई शपथ

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय शहडोल के सेन्ट्रल एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल शहडोल में एक दिवसीय पर्यावरण वर्कषॉप सेमीनार का अयोजन किया गया। वर्कषॉप में अधिक से अधिक पौधो का रोपण करने एवं पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूक किया गया तथा छात्र-छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत प्रकृति की गोद भरने के लिए सेन्ट्रल एकेडमी हायर सेकेंडरी विद्यालय परिसर में पौधो का रोपण किया गया। इस अवसर पर म. प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से क्षेत्रीय अधिकारी श्री मुकेश श्रीवास्तव, वैज्ञानिक डॉ.ए.के.दुबे, पर्यावरण जन जागरुकता सहायक विश्वनाथ वर्मा,प्राचार्य संजय मिश्रा सहित विद्यालय के षिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।



## खबर संक्षेप

### बेटी को छोड़ बिना बताये गायब हुई महिला

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना अंतर्गत सिलपुर गांव में रहने वाली 33 वर्षीय महिला अपने घर में 8 वर्षीय बेटी को छोड़कर बिना बताए कहीं चली जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोमवार की रात को महिला अचानक किसी को बिना बताये घर से चली गई। पति द्वारा महिला की तलाश आसपास पड़ोस, रिश्तेदारी सहित संभावित जगहों में किये जाने के बाद भी न मिलने पर मंगलवार को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामले में गुम इंसान कायम करते हुए महिला की तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा है कि महिला व परिजनों के द्वारा घर में खाना-पीना खाकर सब सोने की तैयारी में थे इसी दौरान महिला अचानक लापता हो गई जिसकी सूचना पति दीपक के द्वारा थाने में दी गई है।

### एसडीएम ने घायलों को पहुँचवाया अस्पताल



**उमरिया।** एस डी एम पाली अम्बिकेश प्रताप सिंह ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कन्नाबहरा के पास और अमिलिहा फॉरेस्ट चौकी के पास 2 सडक़ एक्सीडेंट हो गए थे। अमिलिहा फारेस्ट चौकी के पास के 2 व्यक्ति ज्यादा घायल थे जिन्हें शहडोल जिला अस्पताल से एम्बुलेंस बुलवा कर और कन्नाबहरा के पास घायल व्यक्ति को स्वयं के वाहन से तत्काल जिला अस्पताल शहडोल पहुँचवाया गया है। एम्बुलेंस को तत्काल लाने के लिए सोहागपुर एसडीएम अरविंद शाह से मदद मांगी गई और उन्होंने तत्काल ही मदद उपलब्ध करवाई।

### बकहो नगर परिषद में आंदोलन के बाद सन्नाटा

# टेंट-परमानेंट' निकला 'टेम्परری'

## दम तोड़ता नेताजी का भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन

**शहडोल।** जिले की बकहो नगर परिषद में भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस द्वारा बुलंद किया गया 'टेंट-परमानेंट' आंदोलन अब नेताओं की डायरियों में दबा-धंसा सा नजर आ रहा है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजीव शर्मा की अगुवाई में शुरू हुआ यह आंदोलन जहां एक ओर शुरू में जोश और घोष से भरा था, वहीं अब जांच और सच की खोज में ठिठका हुआ प्रतीत होता है। सवाल यह है कि नेताजी अब खामोश क्यों हैं?

## राजीव शर्मा की राजनीतिक प्राथमिकताएं बदलने के संकेत




### जूस पीते ही आंदोलन हजम?

कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजीव शर्मा का टेंट-परमानेंट नारा 16 जून को जितनी जोश-ओ-खरोश के साथ गूंजा था, वह अब एक म्यूटेड अलार्म बनकर रह गया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सडक़ पर उतर कर नेताजी ने पहली बार विपक्ष की भूमिका निभाई, सीएमओ और तहसीलदार को घेरने तक का साहस दिखाया, छठवें दिन जूस पीते ही अनशन खत्म और उसके बाद नेता जी का भ्रष्टाचार पर बोलना भी खत्म। मानो आंदोलन को जूस के गिलास में घोलकर पी लिया गया हो। तहसीलदार ने जांच के लिए कमेटी बनाने का वादा किया, नेताजी ने भी वादों के फूलों से मंच सजा डाला, लेकिन जांच की घोड़ी अब तक शायद सरकारी फाइलों के बाड़े में चारा चर रही है।

### नेताजी की डायरी में अब भ्रष्टाचार नहीं

नेताजी का 'टेंट-परमानेंट' बकहो से शुरू हुआ था, लेकिन इसकी हवा अब धनपुरी पहुंचते ही निकल गई। जिस भ्रष्टाचार पर गरजने का दावा किया गया था, वह अब नेताजी के शब्दकोष से बाहर हो चुका है। जनता को जागरूक करने की बात तो छोड़िए, अब नेताजी खुद भी इस मुद्दे से 'अनजान' बनने की एक्टिंग कर रहे हैं। धनपुरी नगर परिषद का मामला तो जैसे नेताजी की निजी डायरी का फटा पन्ना बन गया हो। अब उनकी जुबान पर कर्मचारियों की समस्याएं हैं, जिन्हें मुद्दा बनाकर वो जनता के बीच एक नया चेहरा गढऩे की कोशिश में लग गए हैं। सवाल यह है कि नेताजी अब कौन-सी सियासी राह पकड़ चुके हैं? क्या भ्रष्टाचार का मुद्दा सिर्फ एक इवेंट था?








### अब क्यों हुए अनजान?

बकहो नगर परिषद में भ्रष्टाचार के जिन मुद्दों पर बकायदा प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जांच की बात हुई थी, उसका क्या हुआ? जनता अभी भी अंधेरे में है, लेकिन नेता जी शायद उजाले में आराम कर रहे हैं। जिन्होंने शपथ ली थी कि भाजपा की परिषदों के भ्रष्टाचार को हर दरवाजे तक पहुंचाएंगे, वे अब खुद खामोश हैं। क्या यह कांग्रेस की रणनीति थी, या नेताजी की निजी स्क्रिप्ट? बकहो में हुए अनशन और धरना प्रदर्शन के बाद जनता को लगने लगा था कि अब कोई तो है जो उनकी आवाज बनेगा, लेकिन अब चर्चा ये है कि नेता जी अपने ही नारों के बोझ तले दब चुके हैं।



### जनता की नजरों में सवाल हैं जांच कहां पहुंची? कमेटी ने क्या किया?

विपक्षी नेता को क्यों शामिल किया गया और फिर किनारे कर दिया गया? अब लोग कह रहे हैं, नेताजी का आंदोलन अगर वाकई परमानेंट होता तो आज भी उस टेंट में जनता की आवाज गूंजती। लेकिन लगता है टेंट उड़ गया और नेताजी की जुबान सिल गई। नेताजी का आंदोलन फिलहाल अप्रैल फूल मूवमेंट बनकर रह गया है, जहां वादे थे, लेकिन अंजाम नहीं। टेंट-परमानेंट की आड़ में कुछ दिन की राजनीतिक लाइटिंग जरूर हुई, लेकिन अब उस टेंट का कोई नाम-ओ-निशान नहीं। कांग्रेस के इस ब्लॉक अध्यक्ष से जनता पूछ रही है, क्या ये आंदोलन था, या एक प्रचार प्रायोजित कार्यक्रम?

## हर घर तिरंगा, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान



**उमरिया।** जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता,स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है। प्रथम चरण में 2 से 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चाएँ आयोजित की जा रही है, साथ ही तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश व्यवस्था तथा सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन आदि गतिविधियां संचालित की जा रही है।
जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत सीएम राईज स्कूल मानपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा बच्चों को हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें प्रेरित करने का कार्य किया गया। इसी तरह हाई स्कूल भमरहा में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को स्वच्छता के संबंध में जानकारी प्रदाय की गई।इस दौरान विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया तथा उसकी सुरक्षा का संकल्प भी लिया

# कुएं में जहरीली गैस की आशंका, रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान एसडीआरएफ जवान की बिगड़ी तबीयत

### ग्राम देवरा में मवेशी को बचाने पहुंचे थे जवान, अब गैस के स्रोत की जांच जारी

**उमरिया।** जिले के चंदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरा में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक पुराने कुएं से संदिग्ध जहरीली गैस के रिसाव की खबर आई। यह मामला तब सामने आया जब कुएं में गिरे मवेशी को निकालने के लिए उमरिया से पहुंची एसडीआरएफ टीम के एक सदस्य की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जानकारी के मुताबिक कुएं के अंदर उतरे जवान बलबीर जी, जैसे ही नीचे पहुंचे, उन्होंने बेचैनी और सांस लेने में तकलीफ महसूस की। साथियों ने तुरंत स्थिति की गंभीरता को समझा और उन्हें तत्काल ऊपर खींचकर बाहर निकाला। प्राथमिक उपचार के बाद अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### गैस के रिसाव की आशंका से क्षेत्र में दहशत

स्थानीय निवासियों के अनुसार, जैसे ही जवान कुएं में उतरे, अंदर से अजीब-सी दुर्गंध और चुभन का अहसास हुआ। इससे संदेह गहराया कि कुएं में कोई जहरीली गैस हो सकती है। घटना के बाद कुएं के आसपास सुरक्षा के मद्देनजर लोगों की आवाजाही सीमित कर दी गई है। प्रशासन की ओर से फौरन सतर्कता बरती गई और रेस्क्यू कार्य को ऑक्सीजन सिलेंडर और सुरक्षा उपकरणों की मदद से अंजाम दिया जा रहा है।



### गैस की पुष्टि नहीं, जांच जारी

अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कुएं में कौन-सी गैस मौजूद है। विशेषज्ञों की टीम को बुलाया गया है और गैस की पहचान एवं स्रोत की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि कुआं पुराना और गहरा है, और संभवतः इसके अंदर जैविक सडऩ या रासायनिक प्रतिक्रिया के चलते यह स्थिति बनी हो।

### सावधानी बरतने की अपील

स्थानीय प्रशासन ने कुएं के आसपास बैरिकेडिंग कर दी है और क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे बिना सुरक्षा उपायों के कुएं के पास न जाएं। ग्रामीणों में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है। एसडीआरएफ के जवानों की सतर्कता से बड़ी दुर्घटना टली, लेकिन सवाल यह भी उठ रहे हैं कि क्या क्षेत्र में इस तरह के पुराने कुंओं की सुरक्षा जांच समय-समय पर की जाती है या नहीं, लेकिन जब तक गैस की पहचान और रिसाव के कारणों की पुष्टि नहीं हो जाती, तब तक गांववासियों और प्रशासन के लिए यह एक चुनौती बना रहेगा।

### छात्राओं के मध्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न



**उमरिया।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा करकेली द्वारा करकेली तहसील की चार स्कूलों में 9वीं, 10वीं की लगभग 400 छात्र छात्राओ के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी छात्र छात्राओ के साथ स्कूल के प्रधानाचार्य एवं शिक्षको ने भी उत्साह के साथ भाग लिया। शाखा प्रबंधक नरेन्द्र कुमावत ने सभी छात्र छात्राओ का मार्गदर्शन किया एवं अपने साथ साथ समाज और देश की तरक्की में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शाखा के सहायक प्रबंधक गगन दीप सिंह भार्या द्वारा बताया गया कि शाखा द्वारा प्रत्येक स्कूल से 9वीं और 10वीं के तीन-तीन विद्यार्थियो की एक प्रतियोगिता 12 अगस्त को करवाई जाएगी जिसमे विजेताओं को 15 अगस्त के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रधानाचार्य , छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अकादमिक गुणवत्ता विषय पर कार्यशाला संपन्न

**उमरिया।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में अकादमिक गुणवक्त विषय पर कार्यशाला संपन्न हुई । कार्यशाला का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभयसिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया ।
कार्यशला में डाइट द्वारा सुझाये गए सुझाव एवं रणनीति पर चर्चा करके जिले की शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि एवं कमियों पर बिन्दुवार रणनीति बनाई गयी। कार्यशाला में शिक्षा के स्तर में सुधार लाने, जनशिक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी, डाइट एवं शिक्षा अधिकारी को शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए प्रयास करना होगा और हर स्तर से राज्य में उमरिया जिले का शिक्षा स्तर बढ़ाने। सरकारी विद्यालयों में नामांकन और दर्ज संख्या की उपस्थिति में सुधार करने की बात कही गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बच्चों के पलायन को रोकने हेतु प्रयास करने, अनुपस्थित बच्चों के तीन वर्षों के रिकॉर्ड पर फोकस करने, छात्रों के प्रत्येक वर्ष के प्रदर्शन पर ध्यान देने, प्रत्येक 10 दिन में विद्यालय का अवलोकन करने, बच्चों के कमजोर विषय की पहचान कर शिक्षकों के द्वारा उस विषय पर विशेष प्रशिक्षण देने, मानिटरिंग पर विशेष फोकस करने, उपलब्ध संसाधनों का पूरा उपयोग करने, बच्चों की गुणवक्ता का दो-तीन वर्षों में विश्लेषण करने, अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने की बात कही गई। कार्यशाला से शिक्षा की उपलब्धियों एवं कमियों की समीक्षा करके सुधारात्मक रणनीति निर्धारित की गई।कार्यशाला मे जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. मरावी, डाइट प्राचार्य विनोद कुमार मनवारे, परियोजना समन्वयक अधिकारी के.के. डेहरिया, डाइट स्टाफ सदस्य प्रकाशचंद्र भट्ट, डॉ. बृजेश शर्मा, अनिल कुमार पाण्डेय, डॉ. नीरज श्रीवास्तव, श्रीमती रश्मि भट्ट, ज्योति चतुर्वेदी, गुलाबसिंह, हरिशंकर गवले, सोनू नाबित तथा करकेली, मानपुर और पाली ब्लॉक से जनशिक्षक उपस्थित रहे। डाइट व्याख्याता सुशील कुमार मिश्रा उपस्थित रहे । कार्यशाला में राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण, मध्यप्रदेश राज्य उपलब्धि सर्वेक्षण (डच्ै।), मोक टेस्ट 2023-24 के आधार पर उपलब्ध आंकड़े प्रस्तुत करके जिले की उपलब्धि एवं कमियां को पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा प्रस्तुत किया गया।



# रामनगर पुलिस ने किया चोरी की वारदात का खुलासा



### तीन आरोपी गिरफ्तार, एसईसीएल की 65 हज़ार की केबल वायर बरामद

**हरिभूमि न्यूज, रामनगर।** थाना रामनगर क्षेत्र में एसईसीएल के सब स्टेशन से केबल वायर चोरी की वारदात के कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गयी माल बरामद करने में सफलता हासिल की है। 04 अगस्त को श्रीमती दुर्गाबाई पति शिवलाल महोबे, उम्र 52 वर्ष, सुरक्षा प्रभारी राजनगर एरिया, सीसीएल हसदेव क्षेत्र ने थाना राजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बाबू लाइन सब स्टेशन के बगल से स्थित बिजली पोल से सब स्टेशन की दीवार तक लगभग 20 मीटर लंबी आर्म्ड केबल कॉपर वायर, जिसकी कीमत लगभग 65,000 है, कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। शिकायत पर थाना राजनगर में अपराध क्रमांक 214 25, धारा 303 (2) ठछै के तहत प्रकरण दर्ज कर तत्काल विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के निर्देशन में टीम गठित की गई जिसमे थाना रामनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के कुछ ही घंटों में आरोपियों को चिह्नित कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पूछताछ में चोरी की घटना को स्वीकार कर लिया। सूरज हथेल पिता सुफल हथेल, उम्र 22 वर्ष, किशन नरपरवा पिता मातादीन नरपरवा, उम्र 27 वर्ष, आयुष मालिक पिता स्व. राजू मालिक, उम्र 19 वर्ष (निवासी वार्ड क्रमांक 7, सिविल कॉलोनी, राजनगर) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# रिश्तेदारी के भरोसे चल रहा सरकारी तंत्र

### ब्रांच पोस्ट मास्टर ने खुद कबूला मैंने ही दिया पासवर्ड

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** भारतीय डाक विभाग का जमुना-कोतमा उपडाकघर अब सेवा और ईमानदारी का प्रतीक नहीं, बल्कि सरकारी व्यवस्था के घिनौने गिरावट का प्रतीक बन चुका है। यहाँ सरकारी कुर्सी अब योग्यता से नहीं, बल्कि "दामाद की पात्रता प्रमाणपत्र" से चल रही है। यह कोई मज़ाक नहीं, बल्कि वीडियो साक्ष्य और स्वयं पोस्टमास्टर जी.पी. खजूर के कबूलनामे के साथ सामने आया है उन्होंने खुद माना कि उन्होंने अपने दामाद अलफोंस इक्का को डाकघर का और पासवर्ड सौंप दिया। यानी अब सरकारी प्रणाली किसी चाय की दुकान की तरह चलाई जा रही है "जा बेटा, देख ले, आज तू ही संभाल ले काउंटर यह सिर्फ एक नियम का उल्लंघन नहीं है, बल्कि कानून, संविधान और जनता के विश्वास तीनों का सामूहिक चीरहरण है।

### कानून भी चिल्ला रहा ये जुर्म है

केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964 की धारा 3 (1) साफ कहती है कि ईमानदारी, निष्ठा और गोपनीयता एक सरकारी कर्मचारी की आत्मा होती है। लेकिन जब कोई अपने पद की गोपनीय जानकारी (पासवर्ड, अधिकार) रिश्तेदार को सौंप देता है, वो आत्मा को बेच डालता है। अधिनियम 2000 की धारा 43 और 66 कहती है कि अगर कोई अनधिकृत व्यक्ति किसी सरकारी सिस्टम को एक्सेस करता है, तो वो साइबर अपराधी" है और पासवर्ड चाहे स्वेच्छा से दिया गया हो या चोरी से लिया गया हो, कानून उसे माफ नहीं करता 3 साल तक की सजा और लाखों का जुर्माना इस "दामाद सिस्टम" पर लग सकता है। वपबपंसै मबतमजे। बज, 1923 अगर किसी अनधिकृत व्यक्ति को सरकारी सूचनाओं या डेटा की पहुँच दी गई, तो वह राष्ट्रहित के खिलाफ गंभीर अपराध है। और डाकघर कोई किराने की दुकान नहीं, यह लाखों नागरिकों की पहचान, पेंशन, बैंकिंग और गोपनीय जानकारी की संवेदनशील धुरी है। भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 के अनुसार, अगर कोई डाककर्मी अपने कर्तव्य को बाहरी व्यक्ति से करवाता है, तो यह कानूनन अपराध है। सज़ाः 6 महीने से 2 साल तक की जेल $ जुर्माना।




### चुप क्यों हैं अधिकारी?

जब खुद पोस्टमास्टर मान रहा है कि पासवर्ड मैंने ही दिया" तो अब तक कोई क्यों नहीं। कोई सस्पेंशन नहीं, कोई विभागीय जांच नहीं ये चुप्पी क्या सिर्फ लापरवाही है या संरक्षण का प्रमाणपत्र। क्या यह माना जाए कि इस "दामाद व्यवस्था" को ऊपर से नीचे तक मौन सहमति मिली हुई है। अगर ऐसा नहीं है, तो कार्रवाई क्यों नहीं। अगर ऐसा है, तो फिर यह विभाग नहीं, घोटाले की फैक्ट्री है। अगर आम नागरिक का आधार, पेंशन, या बैंकिंग डिटेल लीक हो जाए, तो कौन ज़िम्मेदार होगा। वो दामाद, जिसे कोई ट्रेनिंग नहीं। या वो ब्रांच पोस्टमास्टर, जिसने अपनी कुर्सी को घरेलू सौदे की टेबल बना डाला। जनता ने डाकघर में अपना विश्वास डाला, कागज़ नहीं और जब उस विश्वास को भी "रिश्तेदारी स्कीम" में डाल दिया जाए, तो यह सिर्फ़ एक खबर नहीं लोकतंत्र के चेहरे पर कालिख है। अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई, तो यह सिर्फ़ "ब्रांच पोस्टमास्टर की गलती" नहीं मानी जाएगी यह माना जाएगा कि पूरा तंत्र बिक चुका है। और आने वाले समय में जमुना-कोतमा उपडाकघर सिर्फ डाक का केंद्र नहीं रहेगा यह बनेगा सरकारी लापरवाही, कानूनी अनदेखी और संस्थागत भ्रष्टाचार की राष्ट्रीय केस स्टडी।

# आनंद राठी समेत 5 कंपनियों के आईपीओ को सेबी ने दी मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पर पैसा लगाने की सोच रहे हैं तो खबर आपके लिए है। दरअसल, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 5 कंपनियों के आईपीओ को मंजूरी दे दी है। इनमें से एक कंपनी आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स भी है। आनंद राठी ग्रुप की कंपनी है, जो शेयर ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म है। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स के अलावा प्रेस्टीज हॉस्पिटैलिटी वेंचर्स, एसएसएफ प्लास्टिक्स इंडिया, गुजरात किडनी एंड सुपर स्पेशियलिटी और ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज के आईपीओ लांच होने वाले हैं। इन पांचों कंपनियों ने इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए थे।

- प्रेस्टीज हॉस्पिटैलिटी वेंचर्स, गुजरात किडनी, ईपैक प्रीफैब का आईपीओ होगा लांच

## आनंद राठी का आईपीओ 745 करोड़ रुपए के फ्रेश इश्यू पर आधारित होगा

### तीन अन्य कंपनियों का क्या है प्लान

एसएसएफ प्लास्टिक्स इंडिया की बात करें तो 550 करोड़ रुपये का आईपीओ 300 करोड़ रुपये के नए शेयरों और 250 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश में विभाजित है। ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज 300 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी जबकि उसके प्रवर्तक एक करोड़ शेयरों की बिक्री करेंगे। यह राशि राजस्थान और आंध्र प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना, विस्तार और कर्ज भुगतान में लगेगी। गुजरात किडनी एंड सुपर स्पेशियलिटी का आईपीओ 2.2 करोड़ शेयरों के नए इश्यू पर आधारित होगा। इससे जुटाई गई राशि अस्पताल अधिग्रहण, वडोदरा में नई इकाई और रोबोटिक उपकरणों की खरीद में इस्तेमाल होगी।



### वर्किंग कैपिटल के लिए इस्तेमाल होगी राशि

प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स की इकाई प्रेस्टीज हॉस्पिटैलिटी वेंचर्स 2,700 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आएगी। इसमें 1,700 करोड़ रुपये के नए शेयर और 1,000 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश शामिल होगी। आनंद राठी ग्रुप की ब्रोकरेज इकाई आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स का आईपीओ पूरी तरह से 745 करोड़ रुपये के फ्रेश इश्यू पर आधारित होगा। इससे जुटाए गए 550 करोड़ रुपये वर्किंग कैपिटल और सामान्य खर्चों के लिए इस्तेमाल होंगे।

### ब्लूस्टोन ज्वेलरी आईपीओ 11 अगस्त को खुलेगा

अपने प्रमुख ब्रांड 'ब्लूस्टोन' के तहत समकालीन आभूषण पेश करने वाली कंपनी, ब्लूस्टोन ज्वेलरी एंड लाइफस्टाइल ने अपने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए 492 रुपये से 517 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। एक बयान के अनुसार, कंपनी का आईपीओ 11 अगस्त से 13 अगस्त तक बिक्री के लिए खुला रहेगा। इस आईपीओ में 820 करोड़ रुपये का नया निर्गम और 720.65 करोड़ रुपये मूल्य के 1,39,39,063 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

## खबर संक्षेप

### एवरेडी का मुनाफा 3% बढ़कर 30 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** बैटरी एवं अन्य उत्पाद बनाने वाली कंपनी एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत बढ़कर 30.23 करोड़ रुपये रहा है। एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड ने कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 29.36 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### पावर फाइनेंस के मुनाफे में 25 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 8,981 करोड़ रुपये रहा है। पीएफसी के एकीकृत शुद्ध लाभ में यह वृद्धि मुख्य रूप से उच्च शुद्ध ब्याज आय के कारण हुई है। पीएफसी ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में 7,182 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### सोने में 200 और चांदी में 500 रुपए का उछाल



**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्ट की तरफ से लगातार खरीदारी किए जाने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले बाजार सत्र में 98,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### पीवीआर आईनॉक्स का घाटा कम होकर 54.5 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** मल्टीप्लेक्स कंपनी पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा कम होकर 54.5 करोड़ रुपये रह गया। अच्छी विषय-वस्तु वाली फिल्मों की वजह से दर्शकों की संख्या में वृद्धि और राजस्व में बढ़ोतरी के कारण कंपनी का घाटा कम हुआ। पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड ने शेयर बाजार यह जानकारी दी।

### पिडिलाइट का पहली तिमाही मुनाफा 19 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** फेविकॉल बनाने वाली कंपनी पिडिलाइट इंडस्ट्रीज का वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18.7 प्रतिशत बढ़कर 678.13 करोड़ रुपये रहा है। पिडिलाइट इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 571.27 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था।

### ईआईडी पैरी का मुनाफा 464.46 करोड़ रुपए

**चेन्नई।** चीनी निर्माता- ईआईडी पैरी (इंडिया) लिमिटेड का अप्रैल-जून, 2025 तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 464.46 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। विविधीकृत समूह मुरुगप्पा समूह का हिस्सा, इस कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 225.87 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। ईआईडी पैरी (इंडिया) लिमिटेड ने यहां बयान में कहा कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में उसकी एकीकृत शुद्ध मुनाफा 1,772.54 करोड़ रुपये रहा है।

## आरबीआई प्रक्रिया को सुगम और मानकीकृत बनाएगा

# मृतकों के खातों, लॉकर के दावों के निपटान के लिए प्रक्रिया को सुगम बनाएगा आरबीआई

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बैंक मृतकों के बैंक खातों, लॉकर के दावों के निपटान के लिए प्रक्रिया को सुगम और मानकीकृत बनाएगा। इस पहल का उद्देश्य मृत ग्राहकों के नामांकित व्यक्तियों के पक्ष में दावों के निपटान की प्रक्रिया को सरल बनाना है। मल्होत्रा ने कहा कि इसके अलावा, केंद्रीय बैंक, आरबीआई 'रिटेल-डायरेक्ट' मंच की कार्यक्षमता का विस्तार करने की योजना बना रहा है ताकि खुदरा निवेशक व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) के माध्यम से ट्रेजरी बिल (सरकारी प्रतिभूति) में निवेश कर सकें।

### 1949 के प्रावधानों के तहत नॉमिनी की सुविधा उपलब्ध

गवर्नर ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की जानकारी देते हुए कहा, ''हम मृतकों के बैंक खातों और लॉकर में रखी वस्तुओं से संबंधित दावों के निपटान की प्रक्रिया को मानकीकृत करने के लिए कदम उठा रहे हैं। इससे निपटान अधिक सुविधाजनक और सुगम होने की उम्मीद है। बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत, जमा खातों, लॉकर में रखी वस्तुओं के संबंध में 'नॉमिनी' की सुविधा उपलब्ध है।

*पहल का उद्देश्य मृत ग्राहकों के पक्ष में निपटान प्रक्रिया सरल बनाना*

*रिटेल-डायरेक्ट मंच की कार्यक्षमता का विस्तार करने की योजना*

### ग्राहकों की मृत्यु पर शीघ्र निपटान होगा

आरबीआई के विकासात्मक और नियामक नीतियों पर बयान के अनुसार, इसका उद्देश्य ग्राहक की मृत्यु होने पर दावों का शीघ्र निपटान या वस्तुओं की वापसी या सुरक्षित जमा लॉकर की सामग्री को वापस दिलाना तथा परिवार के सदस्यों को होने वाली कठिनाई को कम करना है।





*दावों के शीघ्र निपटान की सुविधा मिलेगी :* *मौजूदा निर्देशों के अनुसार, बैंकों को 'नॉमिनी' व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारियों के किए गए दावों के शीघ्र और परेशानी मुक्त निपटान की सुविधा के लिए एक सरलीकृत प्रक्रिया अपनाने की आवश्यकता है। वर्तमान में विभिन्न बैंकों में ये प्रक्रियाएं अलग-अलग होती हैं।*

*नॉमिनी के खाते व लॉकर के लिए सभी बैंकों की अपनी प्रक्रियाएं :* *वर्तमान में, मृतक के 'नॉमिनी' व्यक्ति द्वारा खाते और लॉकर से संबंधित दावों के संबंध में सभी बैंकों की अपनी प्रणाली और प्रक्रियाएं हैं। इसी प्रकार, बिना 'नॉमिनी' वाले खातों के लिए बैंकों की प्रक्रियाओं में कुछ भिन्नता हो सकती है। इस कदम से प्रक्रिया मानकीकृत और सरल होगी। आरबीआई ने ट्रेजरी बिल (टी-बिल) में निवेश के संबंध में कहा कि इससे निवेशक अपने निवेश की व्यवस्थित योजना बना सकेंगे।*

### खुदरा निवेशकों को गिल्ट खाते खोलने की सुविधा मिलेगी

रिटेल डायरेक्ट में टी-बिलों के लिए एक स्वतः 'बिडिंग' सुविधा शुरू की गई है, जिसमें निवेश और पुनर्निवेश दोनों विकल्प शामिल हैं। इसने कहा कि इस सुविधा से निवेशकों को ट्रेजरी बिल की प्राथमिक नीलामी में बोलियां लगाने में मदद मिलेगी। 'रिटेल डायरेक्ट पोर्टल' नवंबर, 2021 में रिटेल डायरेक्ट योजना के तहत रिजर्व बैंक में खुदरा निवेशकों को अपने गिल्ट खाते खोलने की सुविधा प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था।

### जल्द जारी किया जाएगा परिपत्र का मसौदा

आरबीआई के अनुसार, ''ग्राहक सेवा मानकों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और बैंकों को प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों को मानकीकृत करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में एक परिपत्र का मसौदा जल्द ही सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया जाएगा।''

# महिंद्रा 23,000 कर्मचारियों को 500 करोड़ रुपए के 'ईसॉप' देगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- उद्योग में अपनी तरह की पहली पहल
- कारखाने में काम करने वाले कर्मचारी भी शामिल

उद्योग में अपनी तरह की पहली पहल के तहत महिंद्रा एंड महिंद्रा लगभग 23,000 कर्मचारियों के लिए एकमुश्त कर्मचारी शेयर स्वामित्व योजना (ईएसओपी) शुरू कर रही है। इनमें कारखाने में काम करने वाले कर्मचारी भी शामिल हैं।

यह योजना कंपनी की वृद्धि यात्रा में कर्मचारियों के योगदान के लिए उन्हें पुरस्कार देने को शुरू की जाएगा। महिंद्रा समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) अनीश शाह ने यह जानकारी दी। शाह ने साक्षात्कार में बताया कि इस पहल में महिंद्रा की तीन प्रमुख अनुषंगी कंपनियां - महिंद्रा एंड महिंद्रा (वाहन और कृषि क्षेत्र), महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल और महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी शामिल हैं। यह अपनी तरह का शायद पहला उदाहरण है, जब किसी बड़े भारतीय समूह ने सभी कर्मचारियों को ईसॉप की सुविधा दी है। ये शेयर प्रतिबंधित शेयर इकाइयों (आरएसयू) के रूप में दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, ''मुझे इस बात की बहुत खुशी है और मुझे हमारी कंपनी की संस्कृति पर बहुत गर्व है क्योंकि ये ईसॉप कंपनी के प्रत्येक कर्मचारी के लिए हैं। यह वास्तव में कृतज्ञता का प्रतीक है, क्योंकि उनके प्रयासों से हमें बहुत अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिली है।'

### समूह का बाजार पूंजीकरण 12 गुना बढ़ा

शाह ने बताया कि इस विविधीकृत समूह का बाजार पूंजीकरण अप्रैल, 2020 से 12 गुना बढ़ा है, और समूह को लगा कि कर्मचारियों के योगदान को स्वीकार करना जरूरी है। समूह में कम से कम 12 महीने की सेवा वाले स्थायी पेरोल कर्मचारी ईसॉप पाने के पात्र होंगे।

# व्हाट्सएप का नया सुरक्षा फीचर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




त्वरित संदेश मंच व्हाट्सएप ने एक नया 'सेफ्टी ओवरव्यू' फीचर पेश किया है, जो उपयोगकर्ताओं को उन ग्रुप के बारे में सतर्क करेगा जिनमें उन्हें किसी अनजान व्यक्ति ने जोड़ा है। व्हाट्सएप ने एक बयान में कहा कि इस टूल के जरिये उपयोगकर्ता को संबंधित ग्रुप के बारे में अहम जानकारी और सुरक्षित बने रहने से जुड़े सुझाव भी मिलेंगे। बयान के मुताबिक, यदि उपयोगकर्ता चाहे तो वह अलर्ट मिलने के बाद उस ग्रुप को देखे बिना ही उससे अलग हो सकता है। इसके अलावा उपयोगकर्ता उस ग्रुप में बने रहने की जब तक खुद पुष्टि नहीं करेगा, उस ग्रुप को भी 'म्यूट' रखा जाएगा। इसके साथ ही व्हाट्सएप ने कहा कि वह उन मामलों में भी चेतावनी देने के उपाय खोज रहा है जब कोई उपयोगकर्ता अपनी संपर्क सूची से बाहर के किसी व्यक्ति के साथ बातचीत शुरू करता है।

- अनजान ग्रुप में जोड़ने पर करेगा आगाह

*धांधली के लिए चैटजीपीटी का उपयोग : इस नेटवर्क ने धांधली के लिए चैटजीपीटी से संदेश तैयार कर उपयोगकर्ताओं को व्हाट्सएप से टेलीग्राम पर भेजा, जहां उन्हें टिकटॉक वीडियो पर लाइक करने जैसे फर्जी काम दिए जाते थे और फिर क्रिप्टो निवेश के लिए पैसे मांगे जाते थे।*

## भारत फोर्ज के लाभ में 63 फीसदी की इजाफा




**नई दिल्ली।** वाहन कलपुर्जा कंपनी भारत फोर्ज का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 63 प्रतिशत बढ़कर 284 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 174 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। भारत फोर्ज ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि हालांकि, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में उसकी कुल आय घटकर 3,958 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,158 करोड़ रुपये थी।

# एनएसडीएल में सूचीबद्धता के दिन 17 प्रतिशत की तेजी

**नई दिल्ली।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) का शेयर बुधवार को अपनी बाजार सूचीबद्धता के दिन शानदार शुरुआत करते हुए निर्गम मूल्य के मुकाबले 17 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। बीएसई पर एनएसडीएल के कारोबार की शुरुआत 880 रुपये प्रति शेयर के भाव पर हुई, जो 800 रुपये के निर्गम मूल्य से 10 प्रतिशत अधिक है। कारोबार के दौरान एक समय यह 943.85 रुपये प्रति शेयर तक पहुंच गया, जो 18 प्रतिशत की बढ़त को दर्शाता है। हालांकि कारोबार के अंत में एनएसडीएल का शेयर 17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 936 रुपये के भाव पर बंद हुआ।

*41 गुना अधिक अभिदान मिला : इसके साथ ही कंपनी का कुल बाजार मूल्य 18,720 करोड़ रुपये रहा। एनएसडीएल के 4,011 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को शुक्रवार को बोली के अंतिम दिन 41 गुना अभिदान मिला था। इसका मूल्य दायरा 760-800 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था।*

# स्थिर रेपो दर से बाजार को मिला सहारा, सेंसेक्स 166 अंक फिसला

- बाजार में शुरुआती तेजी कायम नहीं रह पाई
- आईटी और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में रही बिकवाली



एजेंसी ⏭ मुंबई

द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को शुरूआती तेजी बरकरार नहीं रह पाई और बीएसई सेंसेक्स 166 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से लगातार दूसरे दिन बाजार नुकसान में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 166.26 अंक यानी 0.21 प्रतिशत टूटकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 261.43 अंक तक गिर गया था।सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 शेयरों में 18 नुकसान में रहे जबकि 12 शेयरों में तेजी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 75.35 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,574.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 110.35 अंक तक टूट गया था। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका की चेतावनी से उपजे व्यापार तनावों के बावजूद घरेलू बाजार जुझारू बना रहा और निफ्टी 24,500 अंक के प्रमुख समर्थन स्तर के आसपास मजबूती से टिका रहा। हालांकि औषधि क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा और इस क्षेत्र पर शुल्क चेतावनियों का असर दिखा।''

### अल्ट्राटेक सीमेंट रहा नुकसान में

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सन फार्मास्युटिकल्स, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, आईटीसी और एलएंडटी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### एसबीआई रहा लाभ में

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक शामिल हैं।

## ब्रिटानिया का क्षेत्रीय कंपनियों से मुकाबला

**नई दिल्ली।** बेकरी उत्पाद बनाने वाली दिग्गज कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने कहा है कि वह कुछ इलाकों में क्षेत्रीय कंपनियों की चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। ये क्षेत्रीय कंपनियां आक्रामक मूल्य निर्धारण और वितरकों के लिए उच्च मार्जिन के साथ बड़े ब्रांडों को कड़ी टक्कर दे रही हैं। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने कहा कि वह 'छोटे क्षेत्रों में कई लड़ाइयां लड़ने' के लिए पूरी तरह तैयार है, और इसके लिए उसने एक विशेष कोष भी बनाया है। कंपनी ने हाल में जिंस मुद्रास्फीति के प्रभाव से बचने के लिए कीमतों में वृद्धि की है और अब वह 'अच्छी स्थिति' में है। ब्रिटानिया के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक वरुण बेरी ने बुधवार को वित्तीय नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि ब्रिटानिया छोटी कंपनियों के साथ मुकाबला करने के लिए कुछ खास क्षेत्रों में अतिरिक्त खर्च करने को भी तैयार है। बेरी ने कहा, ''हम अच्छी स्थिति में हैं। हमने अपने लिए एक विशेष कोष भी बनाया है, ताकि जरूरत पड़ने पर हम कुछ खास क्षेत्रों और राज्यों में विशिष्ट कंपनियों के खिलाफ खर्च कर सकें। इसलिए हम क्षेत्रीय स्तर पर कई लड़ाइयां लड़ने जा रहे हैं।'' ब्रिटानिया के पास मैरीगोल्ड, टाइगर, न्यूट्रीचॉइस और गुड डे जैसे लोकप्रिय घरेलू ब्रांड हैं।

## जैक मा की कंपनी ने समूची हिस्सेदारी बेच दी

# पेटीएम अब पूरी तरह से भारतीय कंपनी, चीनी स्वामित्व समाप्त

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पेटीएम की मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस का स्वामित्व अब पूरी तरह से भारतीयों के हाथ में है। करीब नौ साल पहले पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने साक्षात्कार में कंपनी के स्वामित्व ढांचे के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में कहा था, '' हम मारुति जितने ही भारतीय हैं। यह कथन जिसे कभी प्रतीकात्मक माना जाता था, अब वास्तविकता को दर्शाता है जहां पेटीएम अब भावना और शेयरधारिता दोनों ही दृष्टि से पूरी तरह से भारतीय कंपनी बन गई है। उद्योगपति जैक मा की कंपनी एंट फाइनेंशियल ने डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में अपनी समूची 5.84 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 3,980 करोड़ रुपये में बेच दी है। सौदे की रूपरेखा से अवगत एक व्यक्ति ने कहा, '' पेटीएम अब टाटा की तरह ही भारतीय है।'' यह परिवर्तन एंटफिन (नीदरलैंड) होल्डिंग बी वी के हाल ही में बाहर निकलने के साथ आधिकारिक हो गया, जिसने एक थोक सौदे के माध्यम से पेटीएम में अपनी शेष 5.84 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 3,800 करोड़ रुपये में बेच दी। इसके साथ ही कंपनी में चीनी स्वामित्व शून्य हो गया है, जो इसकी शेयरधारिता में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। विजय शेखर शर्मा ने 2016 में भारत की विकास गाथा के प्रति पेटीएम की गहरी प्रतिबद्धता की पुष्टि की थी।

पश्चिम मध्य रेल
शुद्धिपत्र संख्या 31/2025
निविदा सं. 40252744 जिसके खुलने की तिथि 25/08/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/88/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी इसमें निम्न संशोधन किए गए है– Tender No. & short Description: 40252744 Description: वाल्व रेगुलेटेड लीड एसिड बैटरी. Tender Opening Date: Existing Value: 70AH,110V, Valve Regulated Lead Acid% A0 (VRLA) Sealed Mantenance Free (SMF) battery (9 Nos x 12v) as per RDSO Spec No. RDSO / PE / SPEC / AC/0009-2014 (Rev 2), Modified Value: 70AH,110V,Valve regulated Lead Acid (VRLA) Sealed Maintenance Free (SMF) battery (9 Nos x 12V) as per RDSO Spec. No. RDSO/PE/SPEC/ AC/0009 2014 (Rev 2) अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.ireps.gov.in. देखें।
(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

खंड - I
ई - निविदा आमंत्रण सूचना
मध्य प्रदेश शासन
कार्यालय वनमण्डल अधिकारी उत्तर (सा.) वनमण्डल बालाघाट मध्य प्रदेश
ई - निविदा आमंत्रण सूचना संख्या/05/ई-टेंडरिंग/2025-26 बालाघाट, दिनांक 01-08-2025
1. वनमण्डल अधिकारी उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित - 2022) के अंतर्गत निम्न लिखित निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | IS Specification | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | GALVANIZED STEEL BARBED WIRE TYPE A-1-THE BARBS SHALL HAVE FOUR POINTS ANDSHALL BE FORMED BY TWISTINGTWO POINT WIRES EACH TWO TURNS,TIGHTLY AROUND BOTH THE LINE WIRES MAKING ALL TOGETHER FOUR COMPLETE TURNS LINE WIRE 2.5MM, POINT WIRE 2.5 MM DISTANCE BETWEEN TWO BARBS 75 MM, CONFORMING TO IS- 278:2009 | IS 278:2009 | ₹ 135000/- | 2000/- Tax extra |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल एवं विभागीय बेवसाई www.mpforest.gov.in पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 02-08-2025 बजे 10:00 PM से दिनांक 18-08-2025 बजे 11:00 AM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी। 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 13-08-2025 समय 02:00 PM को उप वनमण्डल कार्यालय उकवा (सा.) उप वनमण्डल बालाघाट में आयोजित की जायेगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते है। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे है। 5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं। 6.ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :- https://mptenders.gov.in
वनमण्डलाधिकारी
उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट
G-16778/25

## बच्चों की पढ़ाई नहीं रुकेगी, क्योंकि हर जगह सरकारी स्कूल

# निजी स्कूलों के विरोध के बीच बोले स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह, नियमों से कोई समझौता नहीं, पालन करना ही होगा, वरना मान्यता होगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


मान्यता नियमों को लेकर निजी स्कूलों के विरोध के बीच अब स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के एक बयान से हड़कंप मच गया है। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने स्पष्ट किया है कि नियमों से कोई समझौता नहीं होगा। नियमों का पालन करना ही होगा, वरना मान्यता रद्द कर दी जाएगी। अगर स्कूल फिट नहीं हैं तो उनकी मान्यता रद्द की जा रही है। या तो नियमों का पालन होगा या फिर अव्यवस्था को मंजूरी देनी पड़ेगी और यह संभव नहीं। यह डॉ. मोहन यादव की सरकार है, यहां नियम-कायदों से ही चलना पड़ेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी बच्चे की पढ़ाई नहीं रुकेगी, क्योंकि हर जगह सरकारी स्कूल मौजूद हैं।

दरअसल, विधानसभा में मीडिया से चर्चा के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि पहले कहा जाता था कि शिक्षा विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। अब जब हम ध्यान दे रहे हैं, तो सभी नियमों का पालन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई स्कूल मान्यता के मानकों पर खरे नहीं उतर पाए। ऐसे मामलों में बच्चों के भविष्य को देखते हुए एक साल की सशर्त मान्यता दी गई है। हमने कहा है कि आप एक साल में सभी मानक पूरे करें। लेकिन यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अगले साल मान्यता नहीं मिलेगी। मंत्री ने कहा कि हम अतिरिक्त समय दे सकते हैं, लेकिन गलत तरीके से स्कूल संचालन की अनुमति नहीं देंगे।

### यह मोहन यादव की सरकार है, यहां नियम-कायदों से ही चलना पड़ेगाः मंत्री सिंह

कई स्कूल मान्यता के मानकों पर खरे नहीं उतर पाए

ऐसे मामलों में बच्चों के भविष्य को देखते हुए एक साल की सशर्त मान्यता दी गई




### 4,820 स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन ही नहीं किया

प्राइवेट स्कूल वेलफेयर संचालक मंच सहित अन्य निजी स्कूल संगठन नए नियमों का विरोध लगातार रहे हैं। इसको लेकर निजी स्कूल संचालक 74 बंगला स्थित शिक्षा मंत्री के आवास के बाहर प्रदर्शन भी कर चुके हैं। मंच के प्रदेश अध्यक्ष शैलेष तिवारी के मुताबिक, नए नियम अव्यवहारिक है। 4,820 स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन ही नहीं किया। इससे करीब 60 हजार शिक्षक बेरोजगार हो सकते हैं और आरटीई के तहत पढ़ने वाले सवा लाख से ज्यादा गरीब बच्चों की पढ़ाई खतरे में है। संचालकों के अनुसार, सबसे बड़ी समस्या रजिस्टर्ड किरायानामा है। मकान मालिक इसके लिए तैयार नहीं हैं या फिर किराया और एडवांस बढ़ाने की शर्त रख रहे हैं। इसके अलावा, सुरक्षा निधि और भारी-भरकम मान्यता शुल्क ने भी छोटे स्कूलों की परेशानी बढ़ा दी है।

### राजनीति के पंडित थे पूर्व मुख्यमंत्री द्वारका प्रसाद मिश्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व द्वारका प्रसाद मिश्र की जयंती पर मंगलवार को विधानसभा के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में श्रद्धेय द्वारका प्रसाद मिश्र का योगदान सदैव याद किया जाएगा। उन्हें राजनीति का पंडित कहा जाता था। पूर्व मुख्यमंत्री पंडित मिश्र ने तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों के साथ अपने दल का नेतृत्व किया और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्रियों को पुष्पांजलि अर्पित करने की परंपरा शुरू करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर बधाई के पात्र हैं। इस परंपरा से प्रदेश की सेवा करने वाले तत्कालीन महापुरुषों के कल्याणकारी कार्यों को नमन किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष तोमर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंह सिंघार सहित उपस्थित मंत्री परिषद् के सदस्यों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।



### विधायक झूमा सोलंकी ने जनसंपर्क राशि लैप्स होने का मुद्दा उठाया, मामले में कार्य एवं शाखा प्रभारी इरशाद सुखी, सहायक ग्रेड 3 का निलंबन, कुछ को नोटिस




विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक झूमा सोलंकी ने उनके विधानसभा क्षेत्र के लिए आवंटित जनसंपर्क की राशि के लैप्स होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क राशि लैप्स हो जाने में जिन लोगों की वास्तविक जवाबदारी है, उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने पूछा कि अब वह राशि दोबारा मिल पाएगी या फिर नहीं मिलेगी। इस पर राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने जवाब में कहा कि मामले में कार्य एवं शाखा प्रभारी इरशाद सुखी, सहायक ग्रेड 3 का निलंबन हुआ था। तत्कालीन जिला योजना अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर, जिला योजना अधिकारी को शो कॉज नोटिस जारी किया गया था। आगे भी जांच कर लेंगे। उन्होंने कहा कि जिले के प्रभारी मंत्री को इस पर ध्यान देना चाहिए। किंतु इस पर वे ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने इस मामले में खरगोन के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग को भी घेरा। इस पर सारंग ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। इस मामले में विधायक से चर्चा कर आगे की कार्रवाई करेंगे।

## ग्वालियर किला हमारा स्वाभिमान का प्रतीकः डॉ. पाण्डेय



जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने मंगलवार को विधानसभा में ग्वालियर किले और प्रदेश की अन्य ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन पर ध्यानाकर्षण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि ग्वालियर किला केवल एक किला नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है। यदि इसे व्यावसायिक दृष्टि से होटल में बदला गया तो हमारी विरासत को क्षति पहुंचेगी। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि इन ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण से युवा अपने इतिहास को जानकर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने सरकार से प्रदेश के धरोहरों का संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता पर किए जाने का अनुरोध किया।

### ग्वालियर किले में नहीं खुलेगा होटल

*विधायक अभिलाष पांडे ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर जवाब देते हुए धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि ग्वालियर किला प्रदेश की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है और उसकी ऐतिहासिकता को अक्षुण्ण बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में ग्वालियर किले में निजी होटल खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नहीं है।*

## खनिज मद से मिलने वाली राशि पर सदन में कांग्रेस सदस्यों ने किया शोर-शराबा




विधानसभा में प्रश्नकाल में बैतूल जिले के घोड़ाडोंगरी की विधायक गंगा उईके ने खनिज मद से होने वाले विकास कार्यों का मुद्दा उठाया। उन्होंने पूछा कि जिले को खनिज मद से किनी राशि मिली है और उससे किन क्षेत्रों में कितने के विकास कार्य कराए गए। उन्होंने 15 करोड़ रुपए से विकास कार्य कराने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद दिया। इस मुद्दे पर कांग्रेस सदस्यों ने शोर मचाया। कांग्रेस का कहना था कि इसे स्पष्ट किया जाना चाहिए कि किसे, कितनी राशि दी गई है। एमएसएमई मंत्री चेतन काश्यप ने कहा कि हल्ला करने की जरूरत नहीं है। बैतूल जिले को रायल्टी की 58 करोड़ रुपए की राशि मिलती है। इस राशि से विकास कार्य कराए जाते हैं। उन्होंने कहा कि घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव आते ही विकास कार्य कराया जाएगा। दरअसल, घोड़ाडोंगरी से भाजपा विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने खनिज मद से आवंटित फंड के मामले में जानकारी मांगी थी। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में 15 करोड़ रुपए से काम करने की भी जानकारी दी थी। इस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विधायक के 15 करोड़ रुपए के काम से संबंधित मामले का जवाब दिया जाना चाहिए। इसके बाद सदन में शोर-शराबे की स्थिति बन गई। भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि सवाल के जवाब में कहा गया है कि खनिज मद से कार्य किए जाने संबंधी कोई प्रावधान नहीं है तो क्या डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड से राशि देने पर रोक लगा दी गई है, यह स्पष्ट किया जाए। जवाब में मंत्री काश्यप ने कहा कि डीएमएफ राशि जिले में अलग से खर्च की जाती है। रॉयल्टी की राशि राज्य स्तर पर आती है और राज्य के अंदर बजट के प्रावधान के अनुसार उसका वितरण होता है।

## कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने महिला एवं बाल विकास विभाग में पदोन्नति का मामला उठाया

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान बालाघाट से कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने महिला और बाल विकास विभाग में 15 साल से सहायक ग्रेड 3, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं किए जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी परेशान हैं। इससे उनकी कार्य क्षमता पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि झूठी व गलत जानकारी दी जा रही है। सहायक ग्रेड तीन के दो हजार कर्मचारियों को उनका लाभ नहीं मिल रहा है। जवाब में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि जो जानकारी दी गई है, वही पूरी तरह से सही है। कोई भी झूठी जानकारी नहीं दी गई है। क्रमोन्नति की समस्त कार्रवाई जिला कार्यालय से की जाती है। इस ग्रेड के शत प्रतिशत पद पदोन्नति से भरे जाते हैं। उन्होंने कहा कि वैसे भी अभी प्रमोशन पर कोर्ट से स्टे है। जब इस मामले में अंतिम निर्णय होने के बाद ही इस पर कुछ हो सकेगा। उन्होंने कहा कि विभाग में सहायक ग्रेड दो के कुल पदों की संख्या 384 है, इसमें से 257 पद रिक्त है। जबकि सहायक ग्रेड तीन में संधारण जिलो से होता है। उन्होंने कहा कि डिटल जानकारी सदस्य को पहले ही दिया जा चुका है।

### आदिवासी और पिछड़े क्षेत्र के लोगों को बना रहे शिकार

## मानव तस्करी के छत्तीसगढ़ में बढ़ रहे मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मानव तस्करी, विशेषकर आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों में, सालों से राज्य के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। बेरोजगारी और बेहतर अवसरों की तलाश में होने वाला प्रवासन इस समस्या को और भी जटिल बना रहा है, जिससे तस्करों को अपना जाल फैलाने का मौका मिल रहा है। वे आदिवासी और पिछड़े क्षेत्र के लोगों को टारगेट कर रहे हैं।

राज्य में वर्ष 2023 से फरवरी 2025 तक मानव तस्करी के करीब 39 प्रकरण दर्ज हुए हैं। इनमें से कुल पीड़ितों की संख्या 66 है, जबकि मामले में 83 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। मानव तस्करी से जुड़े जानकारों का कहना है कि सरगुजा, जशपुर, कोरबा, बलरामपुर और बस्तर जैसे सीमावर्ती जिलों में तस्करी की घटनाएं अधिक होती हैं। इन



क्षेत्रों में बेरोजगारी और प्रवासन की प्रवृत्ति अधिक होने के कारण तस्कर आसानी से झांसे में लेने में सफल हो जाते हैं। इनमें से अधिकांश पीड़ित नाबालिग लड़कियां और महिलाएं हैं, जिन्हें बहला-फुसलाकर दूसरे राज्यों में घरेलू काम, जबरन श्रम या यौन शोषण के लिए भेजा गया है।

### 63 हजार से अधिक लोगों ने किया प्रदेश से प्रवासन

कामकाज की तलाश में राज्य से बड़ी संख्या में लोग पलायन करते हैं। आंकड़ों के मुताबिक जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक राज्य से 63 हजार से अधिक लोगों ने प्रवासन किया है। इनमें सबसे अधिक संख्या बलौदाबाजार जिले की है। यहां से करीब 13 हजार 200 लोग कामकाज की तलाश में अपना गांव छोड़कर अन्य राज्यों में गए हैं। ज्यादातर प्रवासन जशपुर, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायपुर, महासमुंद, राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-गंडई-छुईखदान जैसे जिलों से होता है। पुलिस और एंटी ह्यूमन ट्रैकिंग यूनिट की सक्रियता से कई मामलों में पीड़ितों की घर वापसी हुई है। कई आरोपितों की गिरफ्तारी भी हुई है, लेकिन आंकड़े यह भी बताते हैं कि मानव तस्करी का नेटवर्क अब भी जमीनी स्तर पर काफी मजबूत है और एजेंट आज भी गांवों में सक्रिय होकर यह काम कर रहे है।

## नक्सली ढेर, हथियार समेत शव बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में गंगालूर इलाके के जंगल में नक्सलियों और सुरक्षा बलों के जवानों के बीच मुठभेड़ हो रही है। दोनों तरफ से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है।

बीजापुर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि बीजापुर के पश्चिमी डिवीजन क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी, जिसके बाद जवानों को नक्सल ऑपरेशन के लिए भेजा गया्र। जवानों और माओवादियों के बीच रुक-रुककर मुठभेड़ चल रही है।

अब तक के ऑपरेशन में एक नक्सली ढेर हुआ है। मुठभेड़ स्थल से जवानों ने मारे गए नक्सली का शव बरामद कर लिया गया है। उसके साथ ही हथियार भी मिला है। एसपी ने बताया कि मुठभेड़ अभी चल रही है इसलिए अभियान में शामिल जवानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ज्यादा जानकारी नहीं दी जा सकती।

### एनटीपीसीः अचानक टूट गया प्लेटफॉर्म!

## 60 टन टैंक की चपेट में आकर मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जिले के सीपत स्थित एनटीपीसी प्लांट में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। यूनिट-5 में चल रहे एनुअल मेंटेनेंस के दौरान एयर प्री हीटर का प्लेटफॉर्म अचानक भरभराकर गिर पड़ा। इसके नीचे 60 टन वजनी ऐश टैंक था, जो सीधे नीचे काम कर रहे मजदूरों पर गिर पड़ा।

हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान पोड़ी गांव निवासी घनश्याम साहू (27 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय यूनिट में बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद थे, जिनमें से कई अब भी मलबे के नीचे दबे होने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के तुरंत बाद एनटीपीसी प्रशासन, स्थानीय पुलिस, फायर



ब्रिगेड और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं। युद्धस्तर पर बचाव कार्य शुरू किया गया। शाम तक कुल पांच मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला गया, जिनमें एक की मौत हो चुकी है। चार घायल मजदूरों में एक की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। इधर, जैसे ही हादसे की जानकारी ग्रामीणों को मिली, बड़ी संख्या में मजदूरों के परिजन और स्थानीय लोग एनटीपीसी गेट के बाहर जमा हो गए। परिजनों का आरोप है कि प्लांट प्रबंधन उन्हें किसी भी तरह की जानकारी नहीं दे रहा है। लोग रोते-बिलखते गेट के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। कई लोगों ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया है, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई है। भीड़ को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बताया कि घटना यूनिट-5 में हुई है, जहां मेंटेनेंस का काम चल रहा था। इसी दौरान एयर प्री फिल्टर का प्लेटफॉर्म अचानक टूटकर गिर गया। नीचे मौजूद मजदूर इसकी चपेट में आ गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। इस हादसे ने एक बार फिर औद्योगिक सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कुछ सप्ताह पहले मुंगेली जिले के सरगांव में एक निर्माणाधीन स्टील प्लांट की चिमनी गिरने से भी कई मजदूरों की जान जा चुकी है। अब एनटीपीसी जैसे देश के बड़े और जिम्मेदार ऊर्जा संस्थान में इस तरह की दुर्घटना होना चिंता का विषय बन गया है। प्रबंधन और पुलिस दोनों ने जांच शुरू कर दी है।

### पांढुर्ना, मऊगंज में जिला भाजपा कार्यालयों के लिए मिलेगी जमीन, राज्य मंत्रिमंडल ने दी प्रस्तावों को मंजूरी, पीएमयू सेल गठित

# जबलपुर में बनेगा 100 बिस्तर का कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, सरकार देगी जमीन

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने जबलपुर के रांझी तहसील में 100 बिस्तर वाले कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अस्पताल के लिए पांच एकड़ जमीन देने का निर्णय लिया है। इसके साथ प्रदेश के नवगठित जिलों मऊगंज और पांढुर्ना में भाजपा कार्यालय बनाए जाने के लिए भी जमीन देने का फैसला किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में मुरैना में 600 मेगावाट बिजली उत्पादन व भंडारण के मामले में सरकार की ओर से गारंटी दिए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।



### अधोसंरचना विकास के चौथे चरण को मंजूरी

विधानसभा परिसर में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सात पुलिस कर्मचारियों और पेंशन संबंधी मामलों पर भी चर्चा के बाद उस पर प्रस्ताव के मुताबिक मंजूरी देने का फैसला लिया गया। इसके साथ बैठक में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के चौथे चरण को मंजूरी दी गई है। साथ ही सहकारिता आयुक्त और पंजीयक सहकारी संस्थाएं भोपाल में पीएमयू सेल के गठन को लेकर चर्चा के बाद मंजूरी दी गई।

## प्रदेश में चलेगा सोलर पंप स्थापित करने का सघन अभियानः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में किसानों के खेतों पर कुसुम योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रावधानों का किसानों को लाभ दिलवाते हुए सोलर पंप स्थापना में पूर्ण सहयोग किया जाए। इसके लिए नवकरणीय ऊर्जा विभाग और सभी संबंधित एजेंसियां समन्वय से कार्य कर लक्ष्य पूर्ण करें। डॉ. यादव ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। बैठक में नवीन और नवकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री राकेश शुक्ला की उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में इस वर्ष सोलर पंप स्थापित करने का अभियान प्रारंभ हो चुका है। इस कार्य की प्रगति की मुख्यमंत्री ने विस्तार पूर्वक समीक्षा की।

### प्रदेश में स्थापित किए जाएंगे 10 लाख सोलर पंप

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में आगामी वर्ष तक 10 लाख सोलर पंप स्थापित किए जाएंगे। चरणबद्ध रूप से यह कार्य किया जा रहा है। किसानों को खेतों में सोलर पंप की स्थापना से जहां सामान्य बिजली के उपयोग पर होने वाले अत्यधिक व्यय से मुक्ति मिलेगी वहीं इस नवाचार से अन्य किसान भी प्रेरित होंगे। यह कार्य प्रदेश में गति प्राप्त करेगा। इसके लिए किसानों में जागरूकता बढ़ाने के प्रयास भी किए जाएंगे। आने वाले समय में यह भी संभव होगा कि किसान उत्पादित ऊर्जा का विक्रय कर सकेंगे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन एवं संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## फूड प्रोसेसिंग में अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर मध्य प्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाकर स्वर्णिम मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसी लक्ष्य की पूर्ति और प्रदेश के विकास के लिए राज्य सरकार ने सभी क्षेत्रों में कार्य प्रारंभ किए हैं। प्रदेश के औद्योगिकीकरण में फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य की कृषि उत्पादकता अच्छी है और अब हम फूड प्रोसेसिंग में अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर हैं। मंगलवार को राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्था में 'समृद्ध एफपीओ-आत्मनिर्भर किसान-विकसित भारत' संकल्प के अंतर्गत एफपीओ फेडरेशन मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 'एफपीओ डायरेक्टर समिट-2025' को संबोधित कर रहे थे।



### फूड प्रोसेसिंग 5 से बढ़ाकर 95 प्रतिशत करने का लक्ष्य

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने फूड प्रोसेसिंग को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 95 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ किसानों को फूड प्रोसेसिंग से जोड़ा जा रहा है। मालवा अंचल में आलू चिप्स निर्माण के लिए बड़ा उद्योग स्थापित किया जा रहा है। औद्योगिकरण में एफपीओ की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।*

**खबर संक्षेप**



## 13 अगस्त को मनाई जाएगी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 387वीं जयंती

**अनूपपुर।** राष्ट्रवीर दुर्गादास युवा संघ इकाई सामतपुर के मीडिया प्रभारी सुमित राठौर द्वारा बताया गया कि 13 अगस्त बुधवार को सामतपुर तालाब प्रांगण अनूपपुर में राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जी की 387वी जयंती समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से में राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर के जीवन मूल्यों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा एवं समाज के सभी वर्गों के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, बोर्ड परीक्षाओं में उच्चतम अंकों के साथ उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का सम्मान, गौ सेवकों एवं वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामलाल रौतेल अध्यक्ष कोल विकास प्राधिकरण कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद अनूपपुर की अध्यक्ष अंजुलिका शैलेंद्र सिंह, सोनाली पिंटू तिवारी उपाध्यक्ष नगर पालिका अनूपपुर, हीरा सिंह श्याम जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, रमेश कुमार सिंह अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर, विजय सिंह राठौर जिला अध्यक्ष राठौर समाज अनूपपुर के साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश राठौर अध्यक्ष राष्ट्रवीर दुर्गा दास युवा संघ इकाई सामतपुर करेंगे। राष्ट्रवीर दुर्गादास युवा संघ इकाई सामतपुर के मीडिया प्रभारी सुमित राठौर ने बताया कि कार्यक्रम शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने जयंती समारोह को सफल बनाने की अपील के साथ ही कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया है।

## पुष्पराजगढ़ विधायक ने फ्री अनाज का मामला विस में उठाया मामला



**अनूपपुर।** विधानसभा मे पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने पुष्पराजगढ़ के आदिवासियों को सरकार द्वारा फ्री मे बांटे जाने वाले मसूर, चना, गेहूं के बीजों को कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा अवैध तरीके से बेच देने का मामला उठाया। उन्होने कहा कि हमारी उन्नति के लिए, विकास के लिए, सरकार चिंतित है, हम यह नहीं कह रहे हैं कि आप चिंतित नहीं हैं, लेकिन चिंता इनकी कैसी है, वह में बताना चाहता हूं। रबी फसल वर्ष 2024-25 में विशेष जनजाति बैगा समाज के 250 किसानों को गेहूं, मसूर, चने के बीज देने थे, उद्देश्य यह था कि वे आदिवासी भी मसूर, चना, गेहूं खायें, रोटी वे भी बना लें, कभी पूड़ी भी बना लें लेकिन हुआ क्या? 10 हजार क्विंटल गेहूं के बीज अनूपपुर में गये, मसूर के 2 हजार मिनी किट्स, 8 किलो में आपने भेजे, लेकिन उस बैगा जाति के लोगां को, आदिवासियों को वह क्यों नहीं मिला, क्योंकि वे सारे बीज बाजार में बेच दिये गए।

## हत्या के प्रयास के आरोपित को 4 दिन की रिमांड पर लिया

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले के मास्टरमाइंड विनय वीरवानी को दिल्ली से गिरफ्तार कर कटनी लेकर आई। विनय पिछले 6 महीने से पुलिस को चकमा देकर फरार था। वह एक बार फिर दुबई भगाने के प्रयास में दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़ा गया। विनय वीरवानी का जिला अस्पताल से डॉक्टरी मुलाहजा करवाकर जिला न्यायालय में पेश किया जाएगा। कोतवाली टीआई अजय सिंह ने बताया कि विनय वीरवानी को न्यायालय में पेश करते हुए 4 दिन के रिमांड पर लिया जा रहा है। विदित हो कि कोतवाली थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी गुरूनानक वार्ड में डॉक्टर पाल गली के पास 30 जनवरी 2025 की रात में एक युवा व्यवसायी पर जानलेवा हमला करने के मामले में विनय फरार चल रहा था।

## नगर पालिका उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल की कोशिश नाकाम

# सफाई कर्मियों की हड़ताल पर वार्ता विफल

**धनपुरी की सफाई व्यवस्था पर संकट गहराया, कर्मचारी अड़े, समाधान दूर**

धनपुरी।



शहडोल जिले की धनपुरी नगर पालिका, जिसे विकास में अग्रणी माना जाता है, वर्तमान में गंभीर सफाई संकट का सामना कर रही है। नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन 6 अगस्त को भी जारी रही।

सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी नगर पालिका गेट पर धरने पर बैठे हैं।बताया गया कि नगर पालिका उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल और कर्मचारियों के बीच मांगों को लेकर हुई बातचीत असफल रही। कर्मचारियों ने दो टूक कह दिया है कि जब तक सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक काम पर वापसी नहीं करेंगे।नगर पालिका में लगभग 200 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से 24 कर्मचारी बड़ी गांव जैसे ग्रामीण क्षेत्रों से आकर कार्य करते हैं। सभी कर्मचारी हड़ताल में शामिल हैं। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाले भी हड़ताल पर हैं, जिससे नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है।नगर पालिका के कुछ सुपरवाइजर जो हड़ताल में शामिल नहीं हुए हैं, वे बड़े कचरा वाहनों से सफाई कार्य जारी रखने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन यह व्यवस्था पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। शहर की सड़कों और गलियों में कचरा दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है, जिससे नगरवासियों की चिंता गहराने लगी है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि हड़ताल जल्द समाप्त नहीं हुई तो त्योहारों के बीच नगर में गंदगी का अंबार लग सकता है और जनस्वास्थ्य पर गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं, जबकि नगर पालिका प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस समझौते की पहल नजर नहीं आ रही है। ऐसे में स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है।

# इंजीनियर साहू की कार्यशैली पर उठे सवाल, ठेकेदारों में आक्रोश

**शिकायत के बाद भी बिल लंबित, जांच की मांग तेज, कॉन्ट्रैक्टर जसप्रीत सिंह सलूजा ने जारी की प्रेस विज्ञप्ति**

**धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के अंतर्गत राजेन्द्रा सब एरिया में पदस्थ सिविल इंजीनियर साहू इन दिनों ठेकेदारों के बीच विवादों के केंद्र में हैं। कई ठेकेदारों ने उन पर मनमानी करने और बिना कमीशन के बिल पास न करने के गंभीर आरोप लगाए हैं**?इसी क्रम में कॉन्ट्रैक्टर जसप्रीत सिंह सलूजा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इंजीनियर साहू की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा राजेन्द्र सब एरिया के अंतर्गत डिस्पेंसरी पेंटिंग का कार्य तय दर पर 1,74,874.23 में समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया गया। इसके बाद जब उन्होंने बिल का भुगतान मांगा, तो उनसे 20,000 की अवैध मांग की गई। जसप्रीत सिंह सलूजा ने अपने नोट में लिखा है कि उन्होंने कार्य पूर्ण होने के बाद दो बार इंजीनियर को बिल भुगतान के लिए संपर्क किया, लेकिन कमीशन न देने के कारण अब तक बिल अटका हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका बिल तकनीकी रूप से पूरी तरह सही है और यदि किसी स्तर पर जांच कराई जाए तो सत्य सामने आ जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि वे गलत हैं तो उन पर कार्रवाई की जाए, लेकिन अगर वे सही हैं तो उन्हें समय पर भुगतान मिलना चाहिए।अन्य ठेकेदार भी सहमे, पर अब मुखर होने की तैयारीजसप्रीत सिंह सलूजा ने प्रेस नोट में यह भी दावा किया है कि इंजीनियर डोरी लाल की कार्यशैली से अन्य ठेकेदार भी वर्षों से परेशान हैं, लेकिन किसी ने अब तक शिकायत करने का साहस नहीं किया। अब हालात ऐसे बन चुके हैं कि अन्य ठेकेदार भी एकजुट होकर सामने आने को तैयार हैं।पारिवारिक कारणों से तत्काल भुगतान की आवश्यकताशिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि उनके पिता की तबीयत खराब है और उन्हें इलाज के लिए बाहर ले जाना है। ऐसे में बिल भुगतान में हो रही देरी से परिवार पर मानसिक और आर्थिक दबाव बढ़ता जा रहा है। यदि समय पर राशि नहीं मिली तो स्थिति और गंभीर हो सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित इंजीनियर की होगी।



# वन विभाग द्वारा लगाई गई तार फेंसिंग को चोरी करने वाले बदमाशों को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



वन विभाग द्वारा लगाई गई फेसिंग को काट कर चोरी करने वाले चोरों को उमरियापान पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि गत 3 अगस्त को वन विभाग कार्यालय उमरियापान के राजेश शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की 1 अगस्त की शाम 06 बजे से 3 अगस्त की सुबह 5 बजे के बीच किसी अज्ञात चोर ने ओरेन्ज 573 वृक्षारोपण क्षेत्र करौदीं से 6 बंडल लोहे की फेंसिंग जाली चोरी कर ली है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद श्रीमति आकांक्षा चतुर्वेदी के दिशा निर्देशन मे थाना प्रभारी उमरियापान दिनेश तिवारी द्वारा चोरों को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई। जांच पड़ताल करते हुए संदेह के आधार पर अर्जुन कोल पिता फुल्लु कोल उम्र 26 साल निवासी बनहरा थाना उमरियापान जिला कटनी एवं गोलू कोल पिता लाल बहादुर कोल उम्र 25 साल निवासी बनहरा थाना उमरियापान जिला कटनी से पूछताछ की गई। सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने जुर्म स्वीकार कर लिया।

# खाद की मांग को लेकर किसानों ने दिया धरना

ब्यौहारी।



खेती किसानी सीजन में यदि किसान को खाद न मिले तो किसान की परेशानी और भी बढ़ जाती इन्हीं सब परेशानियों को लेकर यूरिया और डीएपी की किल्लत से परेशान होकर मंटोला गोदाम के पास 05/08/25 को यूथ कांग्रेस ने किसानों के साथ मिलकर पवन पटेल के नेतृत्व में धरना दिया धरना खत्म कराने अधिकारियों द्वारा कहा गया कि एक-दो दिन बाद से पर्याप्त यूरिया डीएपी मिलने लगेगी यह आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया किसान राकेश पटेल ने कहा कि उनके पास 15 बोरी यूरिया का परमिट है लेकिन देवगांव समिति में अभी तक सिर्फ 40 बोरी यूरिया आई थी जिसको 20 किसानों को दो-दो बोरी करके बांट दिया गया इसी तरह से डीएपी का भी 20 बोरी का परमिट है लेकिन अभी तक एक भी बोरी डीएपी नहीं मिला हमें 18,46 खाद की आवश्यकता है लेकिन नहीं मिल रही है सरकार द्वारा व्यापारियों से शॉर्टकट करके किसानों को खाद के लिए परेशान कर रही है व्यापारियों के पास पर्याप्त खाद है आखिर वह खाद कहां से आ रही और समितियां में खाद क्यों गायब इस तरह के आरोप किसानों द्वारा लगाए गए जिस पर अधिकारियों ने कहा कि शीघ्र ही सभी किसानों को पर्याप्त खाद मिलेगी। धरने में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल धर्मेंद्र पटेल एवं लगभग दो दर्जन कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने एसडीएम एवं तहसीलदार कार्यालय अनूपपुर का किया औचक निरीक्षण

# राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

**तहसील कार्यालय मे होगा ई अटेंडेंस**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आज अनूपपुर जिले में प्रशासनिक कार्यों की पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम कार्यालय एवं तहसीलदार कार्यालय अनूपपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयों में कार्यों की नियमितता, नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता तथा राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, ई-अटेंडेंस, ई-ऑफिस प्रणाली सहित अन्य राजस्व प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नामांतरण एवं सीमांकन के लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति जानकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्री पंचोली ने निर्देश दिए कि पटवारियों की नियमित बैठक आयोजित कर उनके कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाए तथा राजस्व अमले की जिम्मेदारियों का सतत मूल्यांकन किया जाए। उन्होंने अधीक्षक भू-अभिलेख को निर्देशित किया कि जिले के समस्त तहसीलों में राजस्व प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की समेकित समीक्षा कर संबंधित रिपोर्ट शीघ्र कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करें। इस दौरान उन्होंने राजस्व अभिलेखों के संधारण और ऑनलाइन फीडिंग की स्थिति का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जुलाई माह तक समस्त राजस्व अभिलेखों की शत-प्रतिशत ऑनलाइन फीडिंग पूर्ण कर ली जाए। साथ ही उन्होंने लंबित प्रकरणों के त्वरित समाधान, कार्यालयों में जनसुविधा केंद्रों की सुदृढ़ता और कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक को त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी सेवा प्राप्त हो। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति सजग एवं उत्तरदायी रहने की भी समझाइश दी गई।

# आवेदन-पावती की माला पहनकर किया भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ अनोखा प्रदर्शन**

**उमरिया।** जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान एक अनोखा और प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन सामने आया, जिसने न सिर्फ अधिकारियों का ध्यान खींचा, बल्कि सोशल मीडिया पर भी व्यापक प्रतिक्रिया बटोरी। ग्राम मझौली से आए युवाओं की टोली ने अपनी पंचायत में निर्माण कार्यों और सरकारी योजनाओं में हुए भ्रष्टाचार को लेकर प्रशासन की बेरुखी के विरोध में अब तक जमा किए गए आवेदन-पावती रसीदों की माला बनाकर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना दिया।

**अब प्रतीकात्मक विरोध की बारी** - प्रदर्शनकारी युवाओं का कहना है कि वे पिछले कई महीनों से पंचायत मझौली में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन बार-बार आवेदन देने के बावजूद ना तो कोई जांच हुई और ना ही कोई कार्रवाई। प्रशासन की इस उदासीनता से निराश होकर उन्होंने यह अनोखा तरीका चुना। जनसुनवाई के दौरान जब ये युवा गले में आवेदन-पावती की माला डालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और नारेबाजी के साथ धरने पर बैठ गए, तो पूरे परिसर का माहौल चौंकाने वाला हो गया। उनके नारों - भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करो, जनता को न्याय दो, पंचायत की लूट बंद करो - ने अधिकारियों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया।

**सोशल मीडिया पर वायरल, लोगों ने की सराहना** - इस अनोखे विरोध का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर डाला गया, जो देखते ही देखते वायरल हो गया। लोगों ने युवाओं की जागरूकता और साहस की सराहना करते हुए इसे ईमानदारी के लिए लड़ाई लडने वाली पीढ़ी की आवाज बताया।

**प्रशासन अभी भी मौन** - हालांकि प्रदर्शन के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई औपचारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन जनसुनवाई में मौजूद कुछ अधिकारियों ने मामले की जांच और कार्रवाई का आश्वासन जरूर दिया है। प्रदर्शनकारी युवकों ने चेतावनी दी है कि यदि अब भी कोई सुनवाई नहीं हुई तो वे आमरण अनशन पर बैठने के लिए मजबूर होंगे। इस घटना ने एक बार फिर साबित किया है कि यदि जनता संगठित और जागरूक हो, तो वह बिना हिंसा के भी सिस्टम को झकझोर सकती है। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या प्रशासन इस प्रतीकात्मक विरोध को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करता है या फिर यह माला भी अन्य आवेदनों की तरह फाइलों की गर्द में गुम हो जाएगी।

# भारत की शान है तिरंगा, हर घर में लहराये तिरंगा

**चलाया जा रहा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान**



**शहडोल।** जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है। प्रथम चरण में 2 से 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चाएँ आयोजित की जा रही है, साथ ही तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश व्यवस्था तथा सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन आदि गतिविधियां संचालित की जा रही है।

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के तहत जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत चरहेट में स्वच्छता के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए प्राथमिक शाला के विद्यार्थियो ने पोस्टर बनाए। पोस्टर में भारत की शान है तिरंगा, हर घर से लहराये तिरंगा, स्वच्छता ही सेवा हम सबका यही सपना स्वच्छ भारत हो अपना, हर घर तिंरगा जैसे अन्य देशभक्ति के स्लोगन प्रदर्शित किये गए। इन आयोजनों में ग्राम पंचायत पेसा मोबलाइजर, स्कूल के शिक्षक एवं विद्यार्थी अग्रणी भूमिका निभा रहे है।

ज्ञात हो कि हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है।

अभियान के द्वितीय चरण में 9 से 12 अगस्त तक लोगों को साथ लाने, व्यापक प्रचार-प्रसार, ध्वजों की उपलब्धता तथा सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगे की दृश्यता के लिये कार्य किये जायेंगे। स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला, तिरंगा केसर्ट, तिरंगा बाइक/तिरंगा साइकिल रैली, उच्च जनभागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, तिरंगा ध्वज की बिक्री और समुचित व्यवस्था, मानव श्रृंखला निर्माण, तिरंगा गान जैसे कार्यक्रम होंगे। अभियान के तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर, कार्यालयों तथा वाहनों पर तिरंगा लगाने, सेल्फ़ी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान किया जायेगा। हर जगह तिरंगा दृश्यता, तिरंगा के साथ रिकॉर्ड इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम किये जायेंगे।

# सुकन्या समृद्धि योजना के प्रचार-प्रसार हेतु डाक विभाग द्वारा निकाली गई बाइक रैली

शहडोल।



अधीक्षक डाकघर पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में सुकन्या समृद्धि योजना सहित केंद्र सरकार संचालित अन्य योजनाओ के प्रचार-प्रसार के लिए शहडोल नगर में बाइक रैली निकाली गई। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ- डाकघर में सुकन्या खाता खुलवाओ के नारे के साथ भारतीय डाक विभाग ने शहर में बाइक रैली के माध्यम से प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी सुकन्या समृद्धि योजना का प्रचार कर अपने नजदीकी डाकघर में खाता खुलवाने का आग्रह किया।

अधीक्षक डाकघर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना 10 वर्ष तक की आयु की बालिकाओं के खोले जाते हैं, इसमें 8.2 प्रतिशत की दर से ब्याज दिया जाता है, जो समस्त योजनाओं में सर्वाधिक है। भारत सरकार की यह योजना बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए बनाई गई है जिसमें खाता मात्र 250 रुपए से खोला जा सकता है तथा वर्ष में अधिकतम 150000 जमा किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त योजना में बालिका के उच्च शिक्षा के लिए बीच में भी राशि निकालने का प्रावधान है। खाते में राशि 15 वर्ष तक जमा किए जा सकते है जबकि परिपक्वता का भुगतान 21 वर्ष के बाद मिलता है। बाइक रैली शहडोल प्रधान डाकघर से शुरू होकर, सोहागपुर गढ़ी, बाय पास चौक से गांधी चौक, रेलवे स्टेशन से इंदिरा चौक होकर वापस प्रधान डाकघर में सम्पन्न हुई। रैली में पोस्ट मास्टर सुप्रियल मिन्ज, डाक निरीक्षक अमित दाहिया, सफीक खान, आर पी पांडे, निर्भय तिवारी, पूजा कौर, संध्या साहू, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, नवीन तिवारी, ए एल प्रजापति सहित डाकघर के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहें।

## खबर संक्षेप



### अतिक्रमण पर नगर परिषद और पुलिस ने दिखाई सख्ती

**अमरकंटक।** नगर परिषद अमरकंटक एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने अमरकंटक क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावशाली कार्रवाई की। इस मुहिम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते एवं अतिक्रमण प्रभारी द्वारा पुलिस बल के सहयोग से वार्ड क्रमांक 8 में दस स्थलों को चिन्हित कर अतिक्रमण हटाया गया। प्रशासन का यह स्पष्ट संदेश है कि अमरकंटक को अतिक्रमण से मुक्त करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगर परिषद और पुलिस की संयुक्त टीमें भविष्य में भी समय-समय पर ऐसे अभियान चलाकर अवैध निर्माणों और अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई करती रहेगी। प्रशासन का यह अभियान अमरकंटक की प्राकृतिक, धार्मिक और पर्यटन महत्व की सुंदरता को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल स्थानीय नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि पर्यटकों को भी व्यवस्थित और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा।

### 31 नशेड़ी वाहन चालकों पर प्रकरण दर्ज, 3.25 लाख का जुर्माना



**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान' के निर्देशन में हाईवे चौकी अनूपपुर द्वारा '07 जुलाई से 06 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले 31 चालकों के विरुद्ध' कठोर कानूनी कार्यवाही की गई। सभी प्रकरणों में चालकों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां 3,25,000 (तीन लाख पच्चीस हजार रुपये) का जुर्माना' आरोपित किया गया है। साथ ही, सभी दोषी चालकों के 'ड्राइविंग लाइसेंस को निलंबित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है' ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। यह कार्यवाही सड़क सुरक्षा के प्रति पुलिस विभाग की गंभीरता को दर्शाती है। हाईवे चौकी टीम द्वारा लगातार निगरानी और चेकिंग की जा रही है, जिससे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। अनूपपुर पुलिस की नागरिकों से अपील की है कि वे 'नशा कर वाहन न चलाएं, स्वयं और दूसरों की जान की कीमत समझें, और यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें।

### अज्ञात कारणों से युवक ने घर मे फांसी लगा कर दी जान



**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरा के बरटोला गांव में युवक ने अज्ञात कारणों से देर रात घर के अंदर अपने कमरे में फांसी ली घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस घटना स्थल पहुंचकर जांच करने में जुटी हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरा के बरटोला निवासी 26 वर्षीय युवक पंकज यादव पिता मोहन यादव जो वाहन चालक का काम करता रहा है देर रात घर के अपने कमरे के अंदर साड़ी के टुकड़ा से फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों द्वारा उसे नीचे उतारा गया तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी मृतक का तीन माह पूर्ण विवाह हुआ रहा जो अपनी पत्नी के साथ कुछ दिन पूर्व मां शारदा के दर्शन करने मैहर जाकर वापस अपने ससुराल में ठहर कर पत्नी को मायका में छोड़ कर मंगलवार की देर रात अपने घर पहुंचा जो देर रात पत्नी को फोन कर बात करने बाद अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली पत्नी द्वारा बरटोला स्थित ससुराल के अन्य रिश्तेदारो को फोन पर जानकारी दिए जाने पर परिजनों द्वारा उसके कमरे को खोल अंदर देखने पर पंकज फांसी में लटका मिला जिसे नीचे उतारा तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। घटना की सूचना पर बुधवार की सुबह कोतवाली थाना अनूपपुर की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजते हुए परिजनों एवं अन्य लोगों से पूछताछ की युवक के फांसी लगाने का कारण ज्ञात नहीं हो सका है। घटना का स्पष्ट कारणों का पता लगाने पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## यूरो प्रतीक कंपनी हड़पने के मुख्य साजिशकर्ता महेन्द्र गोयनका को पकड़ने पुलिस सक्रिय

# कोतमा के बाद रायपुर के आफिस में भी कोलकाता पुलिस की दबिश




पश्चिम बंगाल की कोलकता पुलिस पुलिस ने मप्र के कोतमा से रायपुर आकर बसे महेन्द्र गोयनका नाम के व्यक्ति पर कोलकता में दर्ज भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467 (मूल्यवान सुरक्षा का जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी) और 120ठ (आपराधिक साजिश) के तहत दर्ज मामले में महेन्द्र गोयनका के रायपुर स्थित फरिश्ता कॉम्प्लेक्स ऑफिस पर छापे मारे है।





हरिभूमि
अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, अमरकंटक, राजेन्द्रग्राम, जैतहरी हरिभूमि 10
पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हुये आरोपी
कंपनी हड़पने के साजिशकर्ता पर कसा पुलिस का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

छापे के दौरान मुख्य साजिश रचने वाला महेन्द्र गोयनका, भाई मनीष गोयनका, सुनील कुमार अग्रवाल और अन्य आरोपी तो नहीं मिले पर पुलिस ऑफिस में कागजातों की जांच कर रही है। महेन्द्र गोयनका से जुड़े साथियों पर कटनी के माधवनगर थाने में भी इसी तरह की धारा 420 सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज है उस केस में भी अपराधी फरार चल रहे हैं सभी अपराधियों को जमानत सुप्रीम कोर्ट से भी खारिज हो चुकी है। इसी केस में कोलकाता पुलिस ने महेन्द्र गोयनका के कोतमा के ऑफिस पर भी दो दिनों पहले छापा डाला था और जांच और साक्ष्य की जब्ती के लिए कोलकाता पुलिस ने कोतमा स्थित हीरो शोरूम और अन्य संबंधित स्थानों पर छापेमारी कर सबूत एकत्र किए थे। कोलकाता में दर्ज एक प्राथमिकी (एफआईआर) के तहत कोलकाता पुलिस की टीम रायपुर पहुंची है। यह मामला महेन्द्र गोयनका, उसके भाई मनीष गोयनका, सुनील कुमार अग्रवाल और अन्य सहयोगियों के खिलाफ है। जिन पर आरोप है कि इन सभी ने फर्जी दस्तावेज़ तैयार कर एक कंपनी पर अवैध कब्ज़ा करने की साजिश रची। धोखाधडी की शिकायत के बाद कोलकाता की पुलिस ने विवेचना उपरांत प्रकरण दर्ज करते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467 (मूल्यवान सुरक्षा का जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी) और 120ठ (आपराधिक साजिश) के तहत दर्ज किया गया है। ये सभी छापे इसी केस में लगाए जा रहे हैं और आरोपी फरार चल रहे हैं। पर संभावना जताई जा रही है कि कोलकाता पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफल होगी।

## रक्षाबंधन त्यौहार के मद्देनजर बाजार में बढ़ी रौनक



### राखियों की कीमतों में इस साल 20 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।** नगर में रक्षा बंधन का पर्व नजदीक आते ही बाजार में रौनक बढ़ गई है। त्यौहार के चार दिन पहले से ही बाजार रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों से सज गया है। इस बार भाई-बहन के इस विशेष पर्व को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बहनें अपने भाइयों के लिए राखी खरीददारी करने के साथ ही बाहर भेजने के लिए व्यस्त नजर आ रही हैं। बाजार में इस समय दिल्ली मुंबई अहमदाबाद राजस्थान एवं कोलकाता की बनी राखियों की मांग सबसे अधिक है। बाजार में स्टोन, रेशम जरकन, मेटल की राखियां, कलावा के साथ रुद्राक्ष और कई प्रकार की फैंसी राखियों की बिक्री के लिए दुकानें सजनी शुरू हो गई है बाजार मे राखियों की बिक्री भी जोर-शोर से शुरू हो गई है। नगर के प्रमुख बाजार गांधी चौक, पुराना स्टेट बैंक चौराहा, स्टेशन चौक बस स्टैंड के साथ-साथ गली-मोहल्ले में भी राखियों की दुकानें खुल चुकी हैं, लेकिन सबसे अधिक भीड़ गांधी चौक में देखी जा रही है, जहां थोक से लेकर फुटकर तक राखियों की बिक्री हो रही है। राखियों की कीमतों में पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है। स्टोन की राखियों की बिक्री में खासा इजाफा हुआ है। बाजार में स्टाइलिश राखियों, ब्रेसलेट्स, मोतियों, मेटल और भईया-भाभी राखियों की भी अच्छी मांग है। बच्चों के लिए भी कई आकर्षक राखियां उपलब्ध हैं, जैसे टैडी, छोटा भीम, डोरीमोम और पबजी। रक्षाबंधन का त्यौहार शनिवार को मनाया जाएगा जिसको लेकर चार दिन पहले से ही नगर में तैयारियां शुरू हो गई है। कपड़े चूड़ी मनिहारी की दुकानों में मंगलवार से ही खरीदारी के लिए महिलाओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। होटलो में भी रक्षाबंधन त्योहार को लेकर दुकानदारों ने तैयारियां शुरू कर दी है मिठाइयां बनाकर तैयार कर ली है मिठाइयों की बिक्री भी शुरू हो गई है मिठाई दुकान में भी सुबह से लेकर देर रात तक खरीदारों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। फल दुकानों में भी खरीददारों की भीड़ देखी जा रही है।

## मप्र अथवा स्थानीय महाकौशल अंचल या विवि से एक भी कुलपति का नहीं हुआ चयन

**चयनित होने वाले कुलपति पैनल में सभी नाम संदेहास्पद पृष्ठभूमि के**

**जनजातीय विवि कुलपति पैनल में सरकार विरोधी और कम्युनिस्ट घुसपैठ का आरोप**

**भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी ने ज्ञापन सौंप की कार्यवाही की मांग**




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय में कुलपति चयन प्रक्रिया में अत्यंत गंभीर, चिंताजनक और अमरकंटक की अस्मिता पर सीधा प्रहार हैं। चयनित होने वाले कुलपति पैनल में पाँच नाम प्रो. सथुपति प्रसन्ना, प्रो. बी. बी. मोहंती, प्रो. तेज प्रताप सिंह, प्रो. कपिल देव मिश्रा, और प्रो. राजेन्द्र सोनकवड़े सम्मिलित हैं। इन सभी पर गंभीर नैतिक, वैचारिक, प्रशासनिक और आपराधिक आरोप हैं, और इनकी चयन प्रक्रिया अनेक अनियमितताओं से घिरी है। सबसे दुःखद है कि विश्वविद्यालय की स्थापना को 17 वर्ष पूरे हो गए, फिर भी आज तक मध्यप्रदेश अथवा स्थानीय महाकौशल अंचल या विश्वविद्यालय से एक भी कुलपति का चयन नहीं हुआ है। इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी तथा सीबीआई डायरेक्टर प्रवीण सूद को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की है।

### वैचारिक षड्यंत्र तथा भविष्य का संकट

राजेश सिंह ने बताया की चयन समिति द्वारा अनुशंसित सभी पाँचों उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि और गतिविधियाँ गहरे संदेह के घेरे में हैं। प्रो. सथुपति प्रसन्ना श्री ने स्वयं कार्यकारी परिषद सदस्य रहते हुए अपने नाम की अनुशंसा करवाई, जो स्पष्ट रूप से हितों का टकराव है। उनका पूर्व कम्युनिस्ट पृष्ठभूमि, चर्चित मोदी-विरोधी लेखिकाओं पर किया गया शोध और विश्वविद्यालय में जातिवादी व वैचारिक गुटों के साथ मेलजोल संस्थागत निष्पक्षता पर हमला है। प्रो. बी. बी. मोहंती के खिलाफ पांडिचेरी विश्वविद्यालय में वित्तीय घोटाले और प्रशासनिक अनियमितताओं की सीबीआई जांच लंबित है। प्रो. तेज प्रताप सिंह द्वारा नक्सलवाद के पक्ष में लिखे गए लेख और वक्तव्य राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय हैं। वहीं प्रो. कपिल देव मिश्रा पर उत्पीड़न, वित्तीय अनियमितता, और माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आदेशित जांच के मामलों में संलिप्तता जैसे आरोप गंभीर हैं। प्रो. राजेन्द्र सोनकवड़े पर डिजिटल धोखाधड़ी और पूर्व प्रशासनिक पद के दुरुपयोग तथा लखनऊ में महिला शिकायत के मामले हैं। यह सब दर्शाता है कि इस पैनल में गंभीर प्रशासनिक पतन, वैचारिक षड्यंत्र, गुटबाजी का स्पष्ट प्रमाण है।

### जनजातीय क्षेत्र में हो रहा सुनियोजित षड्यंत्र

राजेश सिंह ने आगे बताया की स्थापना के बाद से आज तक किसी भी स्थानीय या विश्वविद्यालय से जुड़े प्रतिभाशाली विद्वान को कुलपति के रूप में चयनित न करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। आखिर महाकौशल की धरती की योग्यता और निष्ठा को कब मान्यता दी जाएगी। वर्तमान पैनल में एक भी व्यक्ति न तो विचार से जुड़ा है, न ही महाकौशल अथवा मध्यप्रदेश से। यह स्थानीय प्रतिभाओं के सुनियोजित बहिष्कार का प्रमाण है, भाजपा यह ढ़ता से मानती है कि किसी भी संस्थान का विकास तभी संभव है जब उसकी जड़ें उस क्षेत्र की पहचान और जरूरतों से जुड़ी हों। महाकौशल को बार-बार वंचित करना एक प्रकार की संवैधानिक और सांस्कृतिक उपेक्षा है तथा कम्युनिस्ट छद्मवेश धारण करके यहाँ कुलपति बनकर जनजातियों के बीच गहरी साजिश करने की योजना बनाए है।

### सीबीआई जांच की मांग

राजेश सिंह ने बताया कि जनजातीय विवि के कुलपति चयन प्रक्रिया की जांच सीबीआई जैसी शीर्ष केंद्रीय एजेंसियों से करवाई जाए। कार्यकारी परिषद की 67वीं बैठक में दस्तावेजों का समय पर वितरण नहीं किया गया, उपस्थिति रजिस्टर में गड़बड़ी हुई, और उम्मीदवारों का चयन पूर्वनियोजित तरीके से बिना विचार-विमर्श के किया गया। जिन शिक्षकों और अधिकारियों पर वैचारिक जासूसी, जातिवादी गुटबंदी और पूर्व निर्धारित लॉबिंग के आरोप हैं, उनके कॉल डिटेल्स और संपर्कों की फॉरेंसिक जांच अनिवार्य है। जनजातीय विश्वविद्यालय का नेतृत्व केवल शैक्षणिक योग्यता से नहीं, बल्कि नैतिक प्रतिबद्धता, राष्ट्रीय भावना, और जनजातीय संवेदना से तय होना चाहिए। यह आवश्यक है कि विश्वविद्यालय का कुलपति ऐसा हो, जो न केवल प्रखर विद्वान हो, अपितु राष्ट्रवादी मूल्यों का वाहक, ईमानदार प्रशासक, और आदिवासी उत्थान का सच्चा प्रतिनिधि हो। भाजपा यह मानती है कि शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, चरित्र निर्माण की भूमि है। महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, और सीबीआई निदेशक से अपील किया हैं कि वे इस विषय में शीघ्र हस्तक्षेप करें, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करें।

## बलात्कार एवं अश्लील फोटो वायरल का आरोपी बिजुरी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज बिजुरी।



4 अगस्त को नाबालिग पीड़िता ने थाना आकर लिखित शिकायत प्रस्तुत की कि आरोपी द्वारा करीब 2 वर्ष पूर्व उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया गया था तथा बिना उसकी जानकारी के उसकी अश्लील फोटो खींचा था जिसे दिखाकर उसके साथ कई बार ब्लैकमेल कर बलात्कार किया और जब पीड़िता के द्वारा आरोपी के साथ अवैध संबंध बनाने से मना किया गया तो आरोपी द्वारा पीड़िता की अश्लील फोटो इंस्टाग्राम सोशल मीडिया में वायरल कर दी गई जिस पर थाना बिजुरी में अपराध क्रमांक 240/25 धारा 376 376 (2द), 376 (3), 450 आईपीसी 5, 6 पोक्सो एक्ट 67 आईटी एक्ट में मामला पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। नाबालिग के साथ गंभीर घटना घटित होने की सूचना से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के द्वारा तत्काल टीम बनाकर आरोपी की पता तलाश हेतु आदेशित किया गया जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मो. इसरार मंसूरी एवं एस.डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमति आरती शाक्य के मार्गदर्शन मे थाना बिजुरी पुलिस द्वारा घटना की सूचना प्राप्त होने के 12 घंटे के अंदर आरोपी सागर कुशवाहा को गिरफ्तार किया गया है। घटना में प्रयुक्त मोबाइल फ़ोन आरोपी से बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है मामले की विवेचना जारी है। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक विकास सिंह, सहायक उप निरीक्षक के प्रदीप अग्निहोत्री आरक्षक प्रभाकर त्रिपाठी आरक्षक रामनिवास गुर्जर आरक्षक करमजीत सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## अनिल सिंह बने मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय संयोजक



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ अनूपपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष और संभाग के पूर्व संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह को मध्यप्रदेश शिक्षक संघ का प्रांत संयोजक (जनजातीय कार्य विभाग) अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर की सहमति से प्रांताध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौड़ और प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता ने नियुक्ति प्रदान किया है। उक्त आशय की घोषणा मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय बैठक बुरहानपुर के मंच से की गई। श्री सिंह को यह दायित्व उनके संगठन के प्रति समर्पण, जुझारू नेतृत्व, ओजस्वी वक्ता और संभागीय पदाधिकारियों के अटूट समर्थन के मद्देनजर मिला है। जैसे ही उक्ताशय की घोषणा हुई, संभाग शहडोल के शिक्षकों और संगठन के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया। अनिल सिंह को उक्त दायित्व मिलने पर प्रांतीय सचिव महेंद्र त्रिपाठी,कर्ण सिंह परिहार (दतिया), प्रांतीय आयाम प्रमुख अरुण कुमार मिश्र, संभागीय अध्यक्ष मध्यप्रदेश शिक्षक संघ संभाग शहडोल रमाशंकर मिश्रा, संभागीय सचिव हरिहर प्रताप सिंह, संभागीय कोषाध्यक्ष रामकुमार राठौर, संभागीय संगठन मंत्री डॉ नरेन्द्र पटेल, जिला शहडोल के अध्यक्ष लाल तिवारी, जिला सचिव विनोद कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सुश्री मीला मार्को, जिला संगठन मंत्री रितेश कुमार श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार द्विवेदी प्राचार्य शा उ मा वि गुर्रा, जिला अनूपपुर के अध्यक्ष संजय कुमार निगम, जिला सचिव शीलवंत तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष तरुणेन्द्र कुमार द्विवेदी, जिला संगठन मंत्री मिथिलेश शर्मा, जिला उमरिया के जिला अध्यक्ष कैलाश प्रसाद गौतम जिला सचिव सोनी, जिला कोषाध्यक्ष रामकुशल पाण्डेय, जिला संगठन मंत्री सहित जिला अनूपपुर के उपाध्यक्ष सत्यनारायण मौर्य, पदाधिकारी अमिता मराबी, पारसनाथ यादव, राकेश प्रताप सिंह, हरि जीत सिंह, संतोष यादव, सी आर रविदास, आर डी द्विवेदी, अर्जुन विश्वकर्मा, जेजे तिवारी, एस के मिश्रा, कुलदीप कुमार, भाई राय सिंह, धर्मेंद्र शाक्यवार, संजय रस्तोगी, संतोष सक्सेना,राम सिंह पुरी, जीना चंद संत, शिवदत्त पाण्डेय, वेद प्रकाश गर्ग, अहिवरन सिंह धुर्वे, शिव मंगल सिंह (बदरा), रावेन्द्र कुमार तिवारी, अजय कुमार जैन, यू के तिवारी, हेतराम साहू, उदय सिंह चंदेल, राम सिंह चंदेल, तोरन सिंह, जिला शहडोल से प्रेमानंद सिंह बरतर, कमलेश कुमार मिश्रा, उदयकांत त्रिपाठी, राजेन्द्र पाण्डेय, अखिलेश तिवारी टिहकी, बृज कुमार जायसवाल सोहागपुर, राजेन्द्र तिवारी पैलवाह, कमला प्रसाद मिश्र (पूर्व जिला सचिव) जयसिंहनगर, जितेन्द्र कुमार तिवारी बुढार, शिव बहादुर सिंह व्यौहारी, ललित धुरवार आदि ने बधाई और शुभकामनाएं ज्ञापित की है। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के नव नियुक्त प्रांत संयोजक अनिल कुमार सिंह ने अपने नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर, प्रांताध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौड़, प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता, धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रांतीय इकाई ने जो दायित्व मुझे प्रदान किया है, उसके निर्वहन में कोई कसर नहीं आने दूंगा। मेरा प्रयास होगा कि मेरे गृह संभाग में संगठन की एकजुटता और मजबूती एक मिशाल बने। सबका साथ और सबका विश्वास परस्पर प्रगाढ़ हो।

## अवैध निर्माण पर नगर परिषद की बड़ी कार्रवाई की तैयारी, विद्युत विभाग को दिया कनेक्शन काटने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज जैतहरी।



नगर परिषद जैतहरी द्वारा वार्ड क्रमांक 01 के अंतर्गत आने वाले एक अवैध निर्माण को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। नगर परिषद ने विद्युत विभाग जैतहरी के कनिष्ठ अभियंता को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि संबंधित भवन के विद्युत कनेक्शन को तत्काल प्रभाव से विच्छेद किया जाए। यह कार्रवाई उस स्थिति में की जा रही है जब उक्त निर्माण के लिए दी गई अनापत्ति प्रमाण पत्र की वैधता संदिग्ध पाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर परिषद द्वारा 14 नवम्बर 2013 को अनापत्ति प्रमाण पत्र क्रमांक 822 जारी किया गया था। लेकिन बाद में जांच में यह पाया गया कि उक्त प्रमाण पत्र के खसरा नंबर में ओवर राइटिंग की गई है। इस संदर्भ में तत्कालीन सहायक राजस्व निरीक्षक पराग दुबे से जब जवाब मांगा गया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके द्वारा किसी प्रकार की ओवर हैंड राइटिंग नहीं की गई है। जबकि जमीन मालिक द्वारा नगर परिषद में जो एनओसी प्रस्तुत की गई है, उसमें ओवर राइटिंग पाई गई। नगर परिषद ने पूर्व में भी तीन बार क्रमशः 26 मई, 12 जून और 26 जून 2025 को अवैध निर्माण के विरुद्ध नोटिस जारी किए थे। बावजूद इसके निर्माण कार्य पर कोई प्रभावी रोक नहीं लगाई गई। ऐसे में नगर परिषद ने अब सख्त रुख अपनाते हुए विद्युत विभाग से मांग की है कि जब तक भवन को वैध स्वीकृति प्राप्त नहीं हो जाती, तब तक खसरा नंबर 547 में दिए गए बिजली कनेक्शन को तत्काल प्रभाव से काट दिया जाए। नगर परिषद का कहना है कि अवैध निर्माण को बढ़ावा देने से नगर के राजस्व को भारी नुकसान होता है और ऐसी गतिविधियों पर सख्त कार्यवाही जरूरी है। यह निर्णय नगर निकाय के राजस्व संरक्षण और शहरी नियोजन को अनुशासित बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।